

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 220 | ग्वालियर बुधवार, 31 मई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### तमिलनाडु में हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत



**चेन्नई।** चेन्नई में अरीकोम्बन नाम के जंगली हाथी के हमले के चलते अपने दोपहिया वाहन से गिरे 57 वर्षीय व्यक्ति ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान कंबुम कस्बे के रहने वाले पलराज के रूप में हुई है। तमिलनाडु के वन मंत्री एम. मथिवेंथन और ग्रामीण विकास मंत्री आई. पेरियास्वामी रविवार को थेनी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पलराज को देखने गए थे। इस दौरान उन्होंने पलराज के परिवार को 50 हजार रुपये का चेक भी सौंपा था। तमिलनाडु वन विभाग की 150 सदस्यीय टीम, जिसमें तीन कुमकी हाथी और दो पशु चिकित्सक शामिल हैं, कंबुम और आसपास के क्षेत्रों में हाथी को पकड़ने के लिए काम कर रही हैं। हालांकि, वन विभाग ने मंगलवार को कहा कि हाथी अब शनमुखानंद मंदिर के पास वन क्षेत्र में है, जो मानव बस्तियों से लगभग 3 किमी दूर है। तमिलनाडु वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि हाथी को वर्तमान स्थान से पकड़ा नहीं जा सकता, क्योंकि इलाका असमान है और वाहन उस स्थान तक नहीं पहुंच पाएंगे। तमिलनाडु वन विभाग ट्रैंक्विलाइजर फायर करने और उसे पकड़ने के लिए जानवर के पास के शहरों में पहुंचने का इंतजार कर रहा है।

### मुख्तार अंसारी की बहू की जमानत नामंजूर



**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने जेल में बंद गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की बहू निकहत अंसारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। निखत अंसारी मऊ विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी हैं। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की सिंगल जज बेंच ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। निखत अंसारी को 11 फरवरी को चित्रकूट जेल के अंदर जेलर के कार्यालय से सटे वीवीआईपी गेस्ट रूम से गिरफ्तार किया गया था, जहां वह अपने पति अब्बास से मिलने गई थी। जांच के दौरान यह पाया गया कि निखत अंसारी हर दूसरे या तीसरे दिन तीन-चार घंटे के लिए अब्बास से मिलती थी और स्थानीय जेल अधिकारियों द्वारा उसको सुविधा प्रदान की जाती थी। जेल के रजिस्टर में उनकी मुलाकातों को दर्ज भी नहीं किया गया। निखत के साथ कई जेल अधिकारियों को इसके लिए निलंबित और गिरफ्तार किया गया था।

### यूपी में सांड के हमले में सेना के जवान की मौत



**अमरोहा/पीलीभीत (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में बावनखेड़ी गांव के पास हसनपुर अतरसी मार्ग पर एक आवारा सांड ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इससे वाहन पर सवार सेना के एक जवान की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार को हुई। 28 वर्षीय सिपाही अंकित कुमार पंजाब के फिरोजपुर में 507 एएससी बटालियन में तैनात थे। वह मंगलवार को एक दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए रविवार को छुट्टी पर अमरोहा आए थे। पुलिस ने कहा कि सांड की सींग पेट में घुसने से कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सोनम (25) और उनके दो बच्चे भी घायल हो गए। हसनपुर के एसएचओ सुशील वर्मा ने कहा, हम सांड को पकड़कर गौशाला भेज देंगे। कुमार एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते थे। पीलीभीत में ऐसी ही एक अन्य घटना में, 24 वर्षीय बंती लोधी नाम के एक व्यक्ति पर शहर के बाहरी इलाके में एक आवारा सांड ने उस समय हमला कर दिया जब वह अपने घर जा रहा था। बाद में उसकी भी मौत हो गई।

### यूपी के दुधवा में बाघ के हमले में किसान की मौत

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के दुधवा बफर जोन के बेलरायां रेंज में 50 वर्षीय एक किसान पर बाघ ने हमला किया और मौत के घाट उतार दिया। किसान रविवार को अपनी गन्ने की फसल की जांच करने गया था और तभी से वह लापता बताया जा रहा था। दुधवा बफर जोन के उपनिदेशक सुंदरेश ने बताया कि सोमवार की शाम ग्रामीणों ने पड़ोस के जंगलों से उसका आधा खाया हुआ शव बरामद किया। उन्होंने कहा कि मौके पर बाघ के पंजों के निशान समेत बाघ के हमले के साक्ष्य मिले। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, आगे की कार्रवाई जारी है। सुंदरेश ने कहा कि बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन टीमों को तैनात किया गया है, जबकि ग्रामीणों को सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर समूहों में काम करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को भी आरक्षित वन क्षेत्रों में न करने के लिए कहा गया है, जहां जंगली जानवरों की आवाजाही आम है।

## मोदी सरकार के नौ सालः शुरू होगा भाजपा का मेगा जनसंपर्क अभियान

**नई दिल्ली।** केंद्र में मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा आज से देशभर में अपना मेगा विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है। भाजपा ने इस विशेष अभियान को 30 जून तक चलाने की योजना बनाई है। 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव के मद्देनजर इसे पार्टी की एक बड़ी कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सरकार के मंत्री, भाजपा के दिग्गज नेता, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री और प्रदेश, जिला और स्थानीय स्तर तक के नेता देश की सभी लोकसभा सीटों पर जाकर मतदाताओं से संवाद कर, उन्हें सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताएंगे और साथ ही पिछली सरकारों के कामकाज से मोदी सरकार के कामकाज की तुलना भी करेंगे।




इस विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार, 31 मई को चुनावी राज्य राजस्थान के अजमेर में एक बड़ी रैली करने जा रहे हैं। इसके अलावा महीने भर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कई अन्य राज्यों में भी रैलियां कर सकते हैं। पार्टी ने इसके लिए देश की सभी लोक सभा सीटों को 117 कलस्टर में बांट दिया है। प्रत्येक कलस्टर में 3 से 5 लोकसभा सीटों को शामिल किया गया हैं। प्रत्येक कलस्टर में वरिष्ठ मंत्री , वरिष्ठ नेता और स्थानीय नेताओं की टीम को तैनात किया गया है। इन नेताओं को ए, बी और सी तीन कटेगरी में बांटकर, कटेगरी अनुसार अपने-अपने क्लस्टर वाली लोक सभा सीटों पर जाकर जनसंपर्क करने, जनसभाएं करने और पार्टी के कार्यक्रमों की निगरानी करने का जिम्मा सौंपा गया है। ए ग्रुप में केंद्रीय मंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय नेता और पूर्व मुख्यमंत्रियों को रखा गया है, जो उन लोक सभा क्षेत्रों से जुड़े राज्यों की बजाय दूसरे राज्यों से होते हैं। बी ग्रुप में भी कलस्टर वाले राज्य को छोड़कर दूसरे राज्य से जुड़े सांसदों और वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। सी ग्रुप में कलस्टर वाले राज्य के स्थानीय नेताओं को ही जगह दी गई है। हर कलस्टर में इन तीनों ग्रुप के नेताओं को शामिल कर उन्हें उनकी केटेगरी के हिसाब से अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। वैसे तो भाजपा देश के सभी लोक सभा क्षेत्रों में यह मेगा जनसंपर्क अभियान चलाएगी, लेकिन इसमें से पार्टी लोक सभा की लगभग चार सौ सीटों पर विशेष फोकस रखने जा रही है। अभियान के दौरान भाजपा की योजना देश के लगभग चार सौ लोक सभा क्षेत्रों को टारगेट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा समेत सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों , पार्टी के दिग्गज नेताओं और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की 51 बड़ी रैलियां आयोजित करने की है। इसके अलावा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देशभर के 10 लाख से ज्यादा बूथों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान के तहत भाजपा नेता देशभर में एक लाख विशिष्ट और प्रभावशाली परिवारों, जिनमें प्रसिद्ध खिलाड़ी, उद्योगपति, कलाकार एवं देश सेवा के दौरान शहीद हुए लोगों के परिजनों जैसे परिवार होंगे से संपर्क साध कर बातचीत करेंगे। पार्टी की योजना हर लोक सभा क्षेत्र में कम से कम 250 ऐसे परिवारों से संपर्क साधने की है, कई लोक सभा क्षेत्रों में तो यह आंकड़ा एक हजार तक भी पहुंच सकता है। इसके साथ ही पार्टी नेता देशभर में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से भी संवाद करेंगे। जून में एक से 22 तारीख के बीच भाजपा नेता देश के सभी लोक सभा क्षेत्रों में प्रेस कांफ्रेंस करेंगे, संपर्क साधेंगे, क्षेत्र विशेष के प्रबुद्ध, प्रभावशाली और इंफ्लुएंसर्स लोगों के साथ मुलाकात करेंगे, सभाएं और सम्मेलन करेंगे। इस दौरान भाजपा अपने सभी सातों मोचरें का संयुक्त सम्मेलन करेगी। लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए इससे जुड़े सम्मेलन भी किए जाएंगे। इसके साथ ही पार्टी 20 से 30 जून के दौरान घर-घर संपर्क अभियान भी चलाएगी।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज की मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता मनीष सिसोदिया को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल दिल्ली हाई कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है. दरअसल कथित दिल्ली के शराब घोटाला मामले में पिछले लंबे समय से मनीष सिसोदिया जांच का सामना कर रहे हैं. यही नहीं उन्हें जांच के चलते तिहाड़ जेल में भी रखा गया है. यही वजह है कि उन्होंने अपनी निजी कारण बताते हुए उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल की थी. लेकिन कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को ये कहकर खारिज कर दिया है कि मनीष सिसोदिया पर लगे आरोप काफी गंभीर हैं. लिहाजा उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती है.

### कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत



**नई दिल्ली।** राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्टपति भवन में कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी का औपचारिक स्वागत किया। राजा सिहामोनी अपनी पहली तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर सोमवार को भारत पहुंचे। उनके आगमन पर विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने सोमवार को कंबोडियाई राजा के आगमन की जानकारी देते हुए ट्वीट किया था, भारत और कंबोडिया के बीच संबंधों को और गहरा करने का अवसर। किंग सिंहमोनी 31 मई तक भारत में रहेंगे। वह अपने प्रवास के दौरान उपराष्टपति जगदीप धनखड़ और विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात करेंगे।

## कटरा जा रही बस खाई में गिरी 10 लोगों की मौत और कई घायल

**नई दिल्ली।** जम्मू और कश्मीर से बड़े हादसे की खबर सामने आई है. यहां अमृतसर से कटरा जा रही एक बस खाई में गिर गई. इस हादसे में 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की जानकारी लगते ही मौके पहुंची पुलिस-प्रशासन की टीम ने राहत व बचाव कार्य शुरू किया. घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है.



जानकारी के अनुसार बस अमृतसर से जम्मू के कटरा को जा रही थी. हादसे के समय बस में 75 लोग सवार थे. यात्रा के दौरान बस जैसे ही नेशनल हाइने 44 स्थित झज्जर कोटली पहुंची तो यहां संतुलन खोकर खाई में जा गिरी. घायलों का जम्मू स्थित एक अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है. रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे [illegible] अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि जैसे ही हमें सुबह दुर्घटना की जानकारी मिली। तुरंत हमारी टीम ने यहां पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। शवों को निकाला गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस की टीम भी हमारे साथ रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि बस में बिहार के लोग थे जो कटरा जा रहे थे. जम्मू चंदन कोहली ने बताया कि जम्मू में हुई बस दुर्घटना में 10 लोगों की मृत्यु हो गई है और करीब 55 लोग घायल हुए हैं। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन लगभग पूरा हो चुका है। टीम भी मौके पर मौजूद है। बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे और जांच के दौरान इसकी जांच की जाएगी.

### फर्जी दरोगा गिरफ्तार, वर्दी पहनकर लोगों पर झाड़ता था रौब

**नोएडा।** यूपी पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों पर रौब झाड़ने वाले एक शख्स को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस टेलर को भी पकड़ा है, जो वर्दी सिल कर देता था। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि बचपन से ही उसे पुलिस की वर्दी पहनने का शौक था। इसलिए वो वर्दी पहनकर घूमता था। दरअसल सोमवार शाम को बॉटेनिकल गार्डन के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक शख्स पुलिस की वर्दी पहनकर घूमता नजर आया। उसने उप्र पुलिस उप निरीक्षक की वर्दी पहन रखी थीं। पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ की। पहले तो वो रौब झाड़ने लगा। इसके बाद सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि ये वर्दी उसने सिलाई और पहनकर घूम रहा है। वर्दी पर उप्र पुलिस का मोनो ग्राम व स्टार भी लगे थे। इसकी पहचान इंद्रजीत पुत्र महावीर निवासी खोंड़ा जनपद गाजियाबाद हुई है। पूछताछ के बाद वर्दी सिलने वाले धर्मपाल पुत्र लटूर सिंह निवासी खोडा जनपद गाजियाबाद को भी गिरफ्तार किया। इंद्रजीत काफी दिनों से वर्दी पहनकर लोगों से रौब झाड़ रहा था।



### कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के करीबियों के एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर ईडी का छापा

**रांची।** ईडी मंगलवार सुबह से झारखंड में बड़ी कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस के पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव के करीबियों के एक दर्जन से भी ज्यादा ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है। इनमें से कम से कम 10 ठिकाने रांची में हैं। यह छापेमारी आयकर से जुड़े मामले में की जा रही है। इससे पहले चार नवंबर 2022 को विधायक प्रदीप यादव और बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के ठिकानों पर इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट ने छापेमारी की थी। प्रदीप यादव के गोड्डा स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज बरामद किए गये थे। इन दस्तावेजों की जांच के बाद आयकर विभाग ने केस को ईडी को रेफर कर दिया था। जब इस मामले में नये तथ्य सामने आये, तो अब फिर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। विधायक प्रदीप यादव के साथ ईडी की टीम बिल्डर शिवकुमार के ठिकानों पर भी पहुंची है। बताया जा रहा है कि जमीन घोटाला मामले में बिल्डर शिवकुमार की भूमिका संदिग्ध रही है।




### गंगा में मेडल बहाने के लिए हरिद्वार निकले पहलवान, फिर इंडिया गेट पर देंगे धरना

नई दिल्ली। कुश्ती संघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरना दे रहे पहलवान अब आर पार की लड़ाई पर उतर आए हैं. जंतर मंतर से हटाए जाने के बाद अब पहलवानों ने अपने मेडल गंगा में प्रवाहित करने का ऐलान कर दिया. पहलवानों का जत्था हरिद्वार रवाना हो चुके हैं. हरिद्वार रवाना होने से पहले मंगलवार को पहलवानों ने कहा कि खून पसीने की कमाई मेडल को अपने पदक गंगा नदी में प्रवाहित कर देंगे. इसके बाद इंडिया गेट पर आमरण अनशन पर बैठेंगे. प्रदर्शन कर रहे ओलंपिक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक ने ट्वीट कर जानकारी दी कि पहलवान आज शाम 6 बजे हरिद्वार जाकर गंगा नदी में अपने मेडल फेंक देंगे और वहां से लौटकर इंडिया गेट पहुंचकर आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे. बता दें कि पिछले महीने 23 अप्रैल को भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न को लेकर पहलवान जंतर मंतर पर बैठे हुए हैं. महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर नाबालिग समेत कई महिला खिलाड़ियों के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं. हालांकि, 28 मई को पहलवानों ने महापंचायत को लेकर नई संसद की ओर मार्च शुरू किया था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया. इस दौरान महिला प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के साथ धक्का मुक्की भी की. इसपर पुलिस ने कुछ पहलवानों को हिरासत में ले लिया था और जंतर मंतर से तंबू भी उखाड़ दिए गए थे. दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के दो दिन बाद ही पहलवानों ने अपने मेडल गंगा में बहाने का ऐलान कर दिया है.



### स्टेज पर दुल्हन के सामने दूल्हे ने पी शराब

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर शादी से जुड़े वीडियोज देखने को मिलते हैं. कई बार हमें ऐसे कमाल के वीडियो देखने को मिल जाते हैं जिन्हें देखने के बाद हम अपनी हंसी पर काबू नहीं रख पाते हैं. हम आपके साथ शादी से जुड़ा एक ऐसा वीडियो शेयर करने जा रहे हैं, जिसने सोशल मीडिया पर आग लगा रखी है. इस वीडियो में दूल्हे की हरकत देखकर आप दंग रह जाएंगे. आप हैरान रह जाएंगे कि दूल्हा अपनी शादी के दिन भी कैसे शराब पीना नहीं छोड़ता है. वह ऐसे शराब पीता है कि किसी को भनक तक नहीं लगती है. वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि दूल्हा-दुल्हन स्टेज पर नजर आ रहे हैं. दूल्हे के हाथ में एक छोटी बोतल नजर आ रही है. वीडियो देखकर लग रहा है कि दूल्हा कोल्ड ड्रिंक पी रहा है, लेकिन यहां तो कुछ और ही खेल है. वीडियो में आप आगे देखेंगे कि दूल्हे को उसके दोस्त शराब में मिलाकर कोल्ड ड्रिंक पिला रहे हैं. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोस्तों कोल्ड ड्रिंक्स में शराब मिल रही है. इसके बाद वो दूल्हे को देते हैं. जैसी ही दूल्हा कोल्ड ड्रिंक पीता है उसके चेहरे की रौनक बदल जाती है.

### मुस्लिमों से नफरत करना आजकल बना फैशनः नसीरुद्दीन शाह

**नई दिल्ली।** नसीरुद्दीन शाह का नाम बॉलीवुड के उन सितारों में शामिल है , जो अपनी उम्दा अदाकारी के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने अब तक कई बेहतरीन फिल्में की हैं. लेकिन एक्टिंग के साथ-साथ वो अपने बयानों के लिए भी जाने जाते हैं. वहीं इस बार उन्होंने कुछ ऐसा कह दिया है जिसको लेकर वो सुर्खियों में आ गए हैं. उन्होंने कहा, मुस्लिमों के खिलाफ नफरत फैलाना अब फैशन बन चुका है. यहां तक कि पढ़े लिखे लोगों के बीच भी ये फैशन है. बेशर्म इस्लामोफोबिया जिसका इस्तेमाल चुनावों में वोट पाने के लिए किया जा रहा है. उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने इसका चालाकी से इस्तेमाल किया है. नसीरुद्दीन शाह ने सवाल किया कि जब सेक्यूलर और डेमोक्रेसी की बात करते हैं तो हर चीज में धर्म क्यों सामने ले आते हैं. नसीरुद्दीन शाह ने आगे कहा कि चुनाव आयोग उन नेताओं के लिए मूक दर्शक है जो धर्म के नाम पर वोट मांगते हैं. उनका कहना है कि अगर कोई मुस्लिम नेता अल्लाहू अकबर के नाम पर वोट मांगता तो बर्बादी हो जाती. उन्होंने आगे कहा, चुनाव आयोग ने भी ऐसी चीजों पर चुप्पी साध रखी है. जो एक शब्द भी बोलने की हिम्मत नहीं करता. अगर कोई मुस्लिम नेता होता जो कहता, अल्लाह हू अकबर बोल के बटन दबाओ, तो अब तक बवाल मच जाता. वहीं नसीरुद्दीन शाह यहीं नहीं रुके उन्होंने इसके बाद पीएम मोदी पर भी निशाना साधा, उन्होंने कहा, लेकिन यहां हमारे प्रधानमंत्री आगे बढ़कर ऐसी बातें करते हैं और फिर भी हार जाते हैं. इसलिए, मुझे उम्मीद है कि यह खत्म हो जाएगा. लेकिन यह निश्चित रूप से इस समय अपने चरम पर है. यह इस सरकार द्वारा खेला गया एक बहुत ही चतुर कार्ड है और इसने काम किया है. देखते हैं कि यह कब तक काम करना जारी रखता है.



### निर्मम हत्या की सामने आई चौंकाने वाली वजह

## पुलिस पूछताछ में साहिल ने कबूला जुर्म

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शाबाद डेयरी इलाके में नाबालिग लड़की की चाकू से गोदकर हुई हत्या मामले में एक के बाद एक बड़ा खुलासा हो रहा है. पुलिस पूछताछ में आरोपी साहिल ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है. साहिल ने पुलिस को लड़की की हत्या करने के पीछे के कारणों को भी बताया. पुलिस के अनुसार साहिल को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है. उसका कहना है कि उसने जो किया, बिल्कुल ठीक किया और इस बात का उसको कोई अफसोस नहीं है. साहिल ने पुलिस को बताया कि वारदात के समय वह बहुत गुस्से में था और उसके सिर पर खून सवार था. यही वजह है कि उसके गुस्से में आकर लड़की की हत्या कर दी. पुलिस पूछताछ में साहिल ने बताया कि लड़की उसको पिछले कई दिनों से नजरअंदाज कर रही थी. बताया जा रहा है कि लड़की साहिल से तंग आ चुकी थी और उससे पीछा छुड़ाना चाहती था. यही वजह है कि पिछले कुछ दिनों से उनसे साहिल से दूरी बना ली थी. यही बात साहिल को बर्दाश्त नहीं हो रही थी. घटना के सीसीटीवी फुटेज में साहिल का गुस्सा साफ नजर आ रहा है. साहिल लड़की पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर रहा था. यही नहीं उसको इतने पर भी संतुष्टि नहीं मिली तो उसने पास ही पड़े पत्थर को उठाकर लड़की के ऊपर मार दिया और आरोपी ने ऐसा एक नहीं बल्कि कई बार किया. जिससे स्पष्ट होता है कि घटना के समय साहिल बेहद गुस्से में था. आपको बता दें कि उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शाहबाद



डेयरी थाना क्षेत्र में साहिल नाम के आरोपी ने एक 16 वर्षीय लड़की की बेरहमी से हत्या कर दी. आरोपी ने लड़की पर 16 बार चाकू से हमला किया और बाद में पत्थर से कुचल कर उसकी हत्या कर दी. हत्या की यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कैसे आरोपी लड़की पर चाकू से हमला कर रहा है. वीडियो में घटनास्थल पर कुछ लोग भी खड़े हुए नजर आ रहे हैं, जो तमाशबीन बनकर खड़े हैं. लोगों की भीड़ में से एक ने भी लड़की की जान बचाने का प्रयास नहीं किया. वहीं, घटना को अंजाम देकर फरार हुए आरोपी को दिल्ली पुलिस ने यूपी के बुलंदशहर से गिरफ्तार कर लिया है.

# एसडीएम ने उप स्वास्थ्य केंद्र पिछोर का किया ओचक निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान बीएमओ से कहा जांच कर पालन प्रतिवेदन दें

**राकेश परिहार पिछोर**

पिछोर( शिवपुरी )अनुविभागीय दंडाधिकारी आईएएस अरविंद शाह ने पिछोर उपस्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण 29 मई को किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम शाह ने बताया कि कुछ न्यूज़ पेपर तथा लोगों की ओर से शिकायतें की जा रही थी की उप स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में मरीजों के साथ व्यवस्था ठीक नहीं है। जिस पर एसडीएम द्वारा 29 मई सोमवार को उप स्वास्थ्य केंद्र पिछोर का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें निरीक्षण के दौरान एक्स रे मशीन करीब 2 माह से बंद पड़ी हुई है एवं एक्स-रे मशीन ऑपरेटर भी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए।



जिस कारण मरीजों को इसका लाभ ना मिलने से लोगों की समस्या बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर सबसे बड़ी अव्यवस्था पानी की पाई गई यहां पर मरीजों को पीने के पानी के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था है ,मगर वह भी स्थाई रूप से बंद पड़ा हुआ मिला। जिससे इसे सुधार हेतु निर्देश दिए गए । निरीक्षण के दौरान ड्यूटी चार्ज भी अपडेट नहीं पाया गया जिसमें अंतिम चार्ज जनवरी माह में हुआ था ।वहीं मरीजों को उपयोग किए जाने वाले शौचालय भी उपस्वास्थ्य केंद्र में बंद मिले ।इस समस्या को देखते हुए एसडीएम ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए इसके साथ साथ नवजात शिशु वार्ड कक्ष में भी साफ सफाई नहीं पाई गई मौके पर हीऑक्सीजन प्लांट को भी देखा गया जो मौके पर कार्यरत नहीं पाया गया। वहीं स्टाफ नर्स माया शर्मा द्वारा डाटा के साथ छेड़छाड़ करते हुए पाई गई जिसमें उन्होंने बगैर वी पी नापे हुऐ मन के अनुसार भर दिया एवं वजन नापने की मशीन कैलीबरेट नहीं की गई। जिसकी वजह से महिला आवेदक का वजन 42 किलोग्राम की वजह से 50 किलोग्राम अंकित किया गया। ऐसा प्रत्येक आवेदक के साथ हुआ जो घोर लापरवाही की अंतर्गत आता है ।वही निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया गया जिसमें अत्यधिक लोग अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए । एसडीएम के औचक निरीक्षण के दौरान बीएमओ को इस संबंध में जांच कर प्रतिवेदन देने के लिए आदेश किया गया। वही लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया एवं अस्पताल की कार्यप्रणाली को देखते हुए उसे सुधार करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए ।



# रात्रि गश्त के दौरान पुलिस की दिखी मुश्तेदी

## गाड़ी रोक जंगल में आराम कर रहे राहगीरों को दी समझाइश

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- शिवपुरी एसपी स्वतंत्र सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में शिवपुरी जिले से अपराधों को कम करने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान रात्रि गश्त में थाना प्रभारी गोपालपुर उप निरीक्षक कुसुम गोयल कोम्बिंग गश्त के दौरान राहगीर जो की नरवर से सबलगढ़ जा थे रात्रि होने से राहगीरो द्वारा अपनी गाड़ी शिकारीपूरा के जंगल के पास में आराम करने के लिए खड़ी कर ली थी राहगीरों के साथ महिलाए और बच्चे भी थे जो राहगीरों को समझाइए दी गई कि महिला और बच्चों के साथ रात्रि में कभी भी गाड़ी सूनसान जगह पर खड़ी ना करे तथा राहगीरों को आराम करने हेतु थाना परिसर के मंदिर पर व्यवस्था की गई थाना प्रभारी गोपालपुर की सभी से अपील है की यदि आप रात्रि में सफ़र करते है और सफ़र के दौरान आपको रुकने की आवश्यकता महसूस होती है तो कृपया सुरक्षित स्थान जेसे होटल, ढाबे, पेट्रोल पम्प पर रुके और यदि



ये सब उपलब्ध ना हो तो 100 नम्बर या सम्बंधित थाने से सम्पर्क कर सुरक्षित स्थान पर जाए जिससे आप अपने साथ होने बाली घटना दुर्घटना से बच सके।

# पुलिस थाना पिछोर को मिली बड़ी सफलता

## एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की चार भैंस व चार पड़िया कीमती 400000 रूपये की बरामद की व एक बोलेरो पिकअप लोडिंग गाड़ी जप्त की




**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के निर्देशन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में थाना टीआई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने चोरी की चार भैंस व चार पड़िया कीमती 400000 रूपये बरामद की व एक आरोपी को गिरफ्तार किया एवं चोरी की घटना में उपयोग की गई एक बोलेरो पिकअप लोडिंग नंबर क्र92ज्ञ8138 जब्त की। दिनांक 24 मई 23 को लखन पुरी गोस्वामी निवासी ग्राम पड़रा ने उसकी 3 भैंस व दो पड़िया को अज्ञात चोर चुरा कर ले जाने की रिपोर्ट की एवं सरोज लोधी निवासी मजरा अड़िंया ग्राम पड़रा थाना पिछोर ने उसकी एक भैंस दो पड़िया चोरी जाने की रिपोर्ट की । पुलिस थाना पिछोर ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 262/23 धारा 379 ढ्क्ष्ट पंजीबद्ध किया। पुलिस थाना पिछोर ने ग्रामवासियों पड़रा के सहयोग से बोलेरो गाड़ी व चार भैंस व चार पड़िया जब्त की। आरोपी बोलेरो चालक आसिफ खान निवासी दड़ियापुरा शिवाजी नगर झांसी को गिरफ्तार किया ।आरोपी आसिफ खान ने बताया कि उक्त भैंस चोरी की घटना में रामेश्वर लोधी निवासी गूगरी व उसके 2 साथी भी शामिल थे। पुलिस थाना पिछोर रामेश्वर लोधी निवासी ग्राम गूगरी और उसके साथियों की तलाश कर रही है ।आरोपी चालक आसिफ खान को कोर्ट पिछोर में पेश किया जिसे कोर्ट पिछोर ने जेल भेज दिया । आरोपी गण भैंस चुराकर झांसी बेचने ले जा रहे थे ।पुलिस टीम में एसआई विनोद भार्गव ,एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, अरविंद यादव , प्रधान आरक्षक संतोष यादव ,हीरा सिंह पाल ,बचान सिंह तोमर, राघवेंद्र पाल, कमल सिंह माझीं व देशराज गुर्जर शामिल रहे।

# बिजली समस्या को लेकर कांग्रेस का बिजली घर घेराव दो जून को

## कांग्रेस ने प्रेसवार्ता में बिजली व्यवस्था एवं बिजली बिलों पर उठाए सवाल

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिले का आमजन बिजली समस्या से जूझ रहा है। प्रदेश सरकार के संरक्षण में बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है, जिसके चलते उन्हें मनमाने बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। ये आरोप शहर कांग्रेस के बैनर तले भिण्ड सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने लगाए। यंग सेवादल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र भदौरिया ने कहा जिले के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी व अन्य सहयोगी कांग्रेसजनों के साथ मिलकर में दो जून को बिजली घर का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मप्र की भाजपा सरकर की जनविरोधी नीतियों का ही परिणाम है कि आज प्रदेश का आमजन बिजली समस्या से जूझ रहा है। प्रदेश सरकार के संरक्षण में बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है, जिसके चलते उन्हें मनमाने बिजली बिल थमाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप विभाग बिजली दरों में वृद्धि की जा रही है, उसके



बावजूद भी अघोषित बिजली की कटौती की जा रही है। जो। जनहित में न्यायोचित नहीं है और कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करेगी। शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा ने बताया बिजली समस्या को लेकर दो जून को सभी कांग्रेस पार्टी के साथी सुबह 10 बजे खंडा रोड पर एकत्रित होकर रेली के रूप में बिजली घर पहुंचेंगे और मुख्यप्रबंधक को ज्ञापन सौंपेंगे। एडवोकेट रामकिशोर भारद्वाज ने कहा लाईन लॉस का अधिभार की जिम्मेदारी बिजली कंपनी की है परंतु वसूली जनता से की जा रही है ये सरासर आम उपभोक्ता के साथ लूट है। जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद और जिला उपाध्यक्ष रामहर्ष सिंह कुशवाह ने एवरेज बिल पर बिजली कंपनी को घेरते हुए कहा ये अवैध वसूली की श्रेणी में आता है आमजन से ये लूट बंद हो कांग्रेस पार्टी ये बर्दास्त नही करेगी। एसी में रहने वालों के बिल दो सौ- तीन सौ रुपये और जनता के दो- तीन हजार रुपये क्यों कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा आमजन कूलर पंखे का इस्तमाल करे तो उनका बिजली का बिल डेढ़ हजार से लेकर तीन हजार रुपये आता है, जबकि जो लोग अपने घरों में एसी का इस्तमाल करते हैं, उनका बिल दो सौ और तीन सौ रुपए क्यों आ रहा है। उन्होंने भाजपा के नेताओ और जिला प्रशासन और बिजली अधिकारियों के बिलों को सार्वजनिक करने की भी मांग की। प्रेसवार्ता में धर्मेंद्र भदौरिया पिंकी,शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा, उपाध्यक्ष रामहर्ष सिंह कुशवाह, रामकिशोर भारद्वाज,विजय गोयल,पूर्व पार्षद श्रीकृष्ण नरवरिया आदि उपस्थित रहे।

## खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया आज शिवपुरी में

**राकेश परिहार पिछोर**



शिवपुरी, खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 31 मई को शिवपुरी आएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 31 मई को झांसी से प्रस्थान कर रात्रि 1.45 बजे शिवपुरी आएंगी और सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगी। प्रातः 9 बजे स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। सायं 5.30 बजे शिवपुरी से झांसी के लिए प्रस्थान करेंगी।




# प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष के दमोह आगमन को लेकर युवा कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की एक बड़ी बैठक कर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया के 5 जून को आगमन को लेकर युवा कांग्रेस के जिला पदाधिकारियो एवं सभी ब्लॉक अध्यक्षो से तैयारियों के संबंध में बैठक में चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक,जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनु मिश्रा, संगठन प्रभारी कल्लन जैन, कमलेश उपाध्या, सुदामा दुबे, रफीक खान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। विधायक अजय टंडन ने युवाओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि युवा वर्ग ही कांग्रेस कि ताकत है आप उर्जावान है आने वाले चुनाव में युवाओ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी ताकत से संगठन का कार्य करें। जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन एवं मनु मिश्रा ने कहा कि सभी पदाधिकारियो से कहा आप होनहार है हमें पूर्ण विश्वास है आप सभी अनुशासन में रहकर जनता करे कार्य व संगठन को मजबूती प्रदान करेगें। बैठक में सभी कांग्रेसियां से जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव ने नियुक्त किये गये पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र व माला पहनाकर सभी पदाधिकारियों का सम्मान किया। बैठक में युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष आयुष दुबे ने भी युवा कांग्रेस के शहर पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस बैठक में अनमोल चिरौल्या, अर्जुन यादव, शुभम चौबे, माधव पटैल, निखिल जैन, राहुल चौकसे, मोतीलाल यादव, नितेश धनगर, राहुल पुरोहित, गौरव गर्ग, गोविंद यादव, आशीष शर्मा, मिलन यादव, रौबी चौरसिया, लोकेन्द्र सिंह, विजय यादव, राहुल ठाकुर, लक्ष्मण रैकवार, दीपक चौरसिया, मनीष बिदौल्या, देवांशु तिवारी, अनमोल कश्यप, तनुज जाटव, पारस असाटी, प्रयांशु रैकवार, रोहित अहिरवार, सौरभ खान, मुईद खान, सजल पटेल, प्रदीप रजक, गौवर्धन



# रजक सहित बैठक में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही

## राजस्व शिविर में 228 नामांतरण, 21 बंटवारा, 59 सीमांकन,10 जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकरणों का हुआ निराकरण, तहसील दमोह में राजस्व शिविर सम्पन्न

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गगन विशेन के मार्गदर्शन में तहसील प्रांगण दमोह में राजस्व संबंधी कार्यों के लिए विशेष मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसीलदार दमोह एवं दमयंती नगर मोहित कुमार जैन ने बताया राजस्व विभाग की जन सेवा अभियान अंतर्गत चिन्हित सेवाओं को निराकरण कर आवेदकों को उनके अभिलेख की नकल उपलब्ध कराने के उद्देश्य राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है। राजस्व शिविर में 228 नामांतरण, 21 बंटवारा, 59 सीमांकन ,10 जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र ,15 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए प्रमाण पत्र, 05 राहत राशि एवं जाति प्रमाण पत्र के 470 प्रकरणों का निराकरण किया गया। साथ ही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल की 13 शिकायते संतुष्टि के साथ निराकृत की गई। उन्होंने कहा शासन की मंशा अनुसार शिविर में उपस्थित किसानों को आदेश की एवं अभिलेख खसरा प्रति निशुल्क वितरित की गई। शिविर में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख आर एल बागरी द्वारा भी उपस्थित रहकर आदेश की नकल वितरित की गई। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दमोह गगन विशेन, तहसीलदार मोहित कुमार जैन, नायब तहसीलदार महेंद्र उदैनिया, नायब तहसीलदार इदरीश खान राजस्व निरीक्षक दमोह अभिषेक जैन, सूरज पाठक, मनोज पटेरिया, गौरीशंकर अहिरवार, धनीराम धुर्वे, शरद श्रीवास्तव,एवं सभी हल्का पटवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मैनपुर नगर को लगभग 15 वर्ष पहले उप डाकघर का दर्जा मिला लेकिन अब तक उप डाकघर के लिए नहीं बनी भवन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर को लगभग 15 वर्ष पहले उप डाकघर का दर्जा मिला लेकिन अब तक उप डाकघर के लिए भवन निर्माण नही होने के कारण किराए के भवन में पिछले 15 वर्षो से संचालित किया जा रहा है वह भी एक कमरा में यह उप डाकघर का संचालन बड़ी मुश्किलो से हो रहा है कई बार मैनपुर में डाकघर के नया भवन निर्माण की मांग क्षेत्र के लोगो के द्वारा किया जा चुका है लेकिन इस समस्या की ओर शासन प्रशासन द्वारा ध्यान न देना समझ से परे है। मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर को लगभग डेड़ दशक पहले उप डाकघर की उपलब्धि हासिल हुआ लेकिन स्वयं का भवन नही होने के कारण जनपद पंचायत कार्यालय के एक पुराने कमरे में इसका संचालन किया जा रहा है और एक कमरे के भीतर उप डाकपाल के साथ अन्य कर्मचारियों को बैठकर सरकारी कार्य करने में भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है और तो और एक कमरे में जगह की कमी के कारण सरकारी




दस्तावेजो को सुरक्षित रख पाना भी मुश्किल है। चूहो का आतंक यहां बना रहता है साथ ही बारिश व गर्मी के दिनों में डाकघर में पहुंचने वाले ग्रामीणों और लोगों के लिए छांव की तक व्यवस्था नही क्योकि जगह की कमी है जबकि इस उप डाकघर के अंतर्गत 11 शाखा डाकघर का संचालन किया जा रहा है जिसमें तौरेंगा, कोयबा, शोभा, धवलपुर, इंदागांव, गोना, गौरगांव, जिड़ार, मोहंदा, घटौद, सिकासार भी शामिल है तो वही दूसरी ओर अब डाकघरो में कार्य भी बड़ गया है सरकार की अनेक योजनाओं का संचालन डाकघरो के माध्यम से किया जाता है इसलिए समय रहते मैनपुर नगर में सर्व सुविधायुक्त डाकघर निर्माण किया जाना आवश्यक हो गया है क्षेत्र के जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जनपद अध्यक्ष नुरमति मांझी, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष बलदेव राज ठाकुर व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल रायपुर से मांग किया है कि मैनपुर तहसील मुख्यालय में उप डाकघर का नया भवन निर्माण किया जाये जिससे इस आदिवासी क्षेत्र के लोगो को ज्यादा से ज्यादा सुविधाओं का लाभ मिल सके। मैनपुर उप डाकपाल वाय के साहू ने बताया कि यह किराए के भवन में संचालित हो रहा है जगह की कमी है एक कमरे के भीतर सभी कार्यो को करना पड़ता है इस समस्या से पूर्व में विभाग के बड़े अफसरो को अवगत कराया जा चुका है।



## राजिम डामरीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 130 में किया धरना प्रदर्शन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

राजिम। गरियाबंद जिले के राजिम क्षेत्र में तर्रा ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 130सी जाम किया है. प्रदर्शन के चलते गरियाबन्द से रायपुर मुख्यमार्ग बाधित है. बता दें कि नेशनल हाईवे से गांव पहुंच मार्ग को डामरीकरण करने की मांग को लेकर भारी संख्या में गांव के महिला पुरुष प्रदर्शन व चक्काजाम करने उतरे है. आपको बता दें ग्रामीणों के इस चक्काजाम से गरियाबन्द-रायपुर मुख्यमार्ग पर आवागमन बाधित है. हृ॥ 130 में दोनों तरफ से गाड़ियों की भारी संख्या में जाम लगी हुई है. इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है.

# शराब बंदी को लेकर बीजेपी महिला मोर्चा ने चक्काजाम कर किया प्रदर्शन

### शराब दुकान में पोस्टर लगाकर जताया विरोध

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

शराबबंदी की वादाखिलाफी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा एवं भाजयूमो ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया।



इस दौरान तिरंगा चौक पर बैठकर चक्काजाम का प्रयास भी किया। प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, ज़िला प्रभारी महिला मोर्चा अल्का चंद्रकार, अंजू नायक महिला मोर्चा ज़िला अध्यक्ष गरियाबंद सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। तिरंगा चौक पर यह विरोध दर्ज कराया गया। भाजपा महिला मोर्चा ने नशा मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान तथा कांग्रेस सरकार के शराब बंदी के वादाखिलाफी के विरोध सोमवार दोपहर 3 बजे शराब दुकान के सामने जमकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने नारेबाजी की ओर शराब दुकाने बंद करने की मांग की। भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, जिला अध्यक्ष अंजू नायक एवं महिला मोर्चा प्रभारी अल्का चंद्रकार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा का कहना था कि कांग्रेस सरकार ने शराबबंदी करने की घोषणा की है, लेकिन अभी तक उनका वादा पूरा नहीं हो पाया है। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा से प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने कहा कि सरकार अपना वादा पूरा करे अन्यथा आगामी चुनाव में प्रदेश की जनता और खासकर महिलाएं उसे बाहर का रास्ता बताना नहीं भूलेंगी। अवस्थी नें कहा कि शराब की वजह से कई घरों में कलह झगड़ा फसाद और गरीबी भुखमरी का आलम है।

# सचिवों द्वारा करोड़ों की राशि गबन की जांच की मांग को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया धरना प्रदर्शन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद। जनपदपंचायत मैनपुर के सचिवो के द्वारा करोडो राशि गबन की जांच की मांग को लेकर राष्ट्रीय बज्रण दल के द्वारा मैनपुर में धरना का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष यीशु शर्मा के नेतृत्व में भारी संख्या में बजरंगी धरना में मौजूद रहे और अधिकारियों के द्वारा जल्द ही जांच कार्यवाही किये जाने का आश्वाशन दिए जाने के बाद धरना समाप्त किया गया।जिला अध्यक्ष यीशु शर्मा ने बताया की गरियाबंद जिले का मैनपुर विकासखंड सचिवो के द्वारा आदिवासी सरपंचो का शोषण किया जाता है, सरपंचो का शोषण कर ग्राम पंचायत सचिव अपना विकास कर रहे है। आदिवासी सरपंचो का इस कदर शोषण किया जा रहा है की मैनपुर विकासखंड के आदिवासी सरपंच बदहाल जिंदगी जी रहे है और सचिव लखपति बन 20 लाख की गाडीयों में घूम रहे है। मैनपुर विकासखंड के अधिकाँश आदिवासी सरपंच जादा पढ़े लिखे नही है सरपंच के कम पढ़े लिखे होने का फ़ायदा ग्राम पंचायत के सचिव उठा रहे है।

सरपंचो की जानकारी के बिना सचिवो के



द्वारा जनपद पंचायत मैनपुर के अधिकारियोंसे सेटिंग कर ग्राम पंचायत से लाखो रूपये का आहरण कर लिया है और सरपंच को लाखो रूपये को काम में लगाया गया है बता दिया जाता है और पंचायत की राशि को सचिव के द्वारा गबन कर लिया जाता है। सचिवो के द्वारा पंचायत की राशि गबन किये जाने की शिकायत किये जाने पर जनपद पंचायत मैनपुर के अधिकारियों के द्वारा सचिवो की जांच नहीं किया जाता है इस प्रकार जनपद पंचायत मैनपुर के अधिकारियों के संरक्षण में आदिवासी सरपंचो का सचिव शोषण कर रहे है । सचिवो के द्वारा पंचायत की राशि से गाडी, दुमंजिला मकान, खेत, जमीन बनाया गया है। राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष यीशु शर्मा, राष्ट्रीय बजरंग दल विधानसभा महासचिव अजय बघेल, राष्ट्रीय बजरंग दल विधानसभा अध्यक्ष सौरभ सिन्हा, राष्ट्रीय बजरंग दल विधानसभा सचिव कुलेश्वर श्रीवास, राष्ट्रीय बजरंग दल विधानसभा उपाध्यक्ष नंदकुमार साहू, राष्ट्रीय बजरंग दल ब्लॉक अध्यक्ष विकास ठाकुर राष्ट्रीय बजरंग दल अमलीपदर ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम , बॉबी विस्वकर्मा वीरेंद्र निषाद मानिस पारीक केशव कश्यप दीपक साहू थानेन्द्र सोनवानी आकाश यादव प्रधान, अकास मिश्रा रिंकू सोनवानी दुर्गेश यादव और सैकड़ों राष्ट्रीय बजरंग दल के सदस्य उपस्थित थे।

# जटिल समस्याओं व उनके कानूनी परिदृश्य पर हुई गहन चर्चा

### जीतो जेबीएन टाइकूंस का ऑफिस दर्शन कार्यक्रम

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू -आपसी संपर्क, रेफ़रल एवं मजबूत नेटवर्किंग के माध्यम से व्यापार बढ़ाने एवं अपने उत्पाद एवं सेवाओं को गहराई तक समझने के उद्धेश्य से निरंतर अंतराल में जीतो बैंगलुरु नार्थ के जेबीएन टाइकूंस द्वारा ÷ऑफिस दर्शन÷ कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। उसी कड़ी में टाइकूंस उपाध्यक्ष दिनेश बाफना एवं सचिव विकेश जैन के नेतृत्व में अधिवक्ता प्रवेश लुणीया के कार्यालय में ऑफिस दर्शन का आयोजन किया गया। प्रवेश लुणीया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन व्यापारिक दृष्टि से ज्ञानवर्धक, प्रभावशाली एवं दूरगामी परिणाम देने वाले साबित होते है साथ ही उल्लेखनीय रूप से उत्पादक भी होते है। आयोजन के दौरान सम्मिलित सदस्यों द्वारा व्यापारिक गतिविधियों के दौरान आने वाली कानूनी चुनौतियों पर चर्चा हुई। प्रवेश लुणीया एवं उनकी समर्पित टीम ने इन जटिल चुनौतियों का सहज समाधान देने का सकारात्मक प्रयास किया। उन्होंने सदस्यों से बनाना होगा ताकि कभी असहज परिस्थिति नही बने। जीतो बैंगलुरु नार्थ के सचिव तथा



कहा कि व्यापारिक कानूनों की समझ कम होने के कारण कई बार नाहक ही चुनौतिया खड़ी हो जाती है ।व्यापारिक विस्तार के साथ साथ खुद को कानूनी जानकारी में भी बेहतर जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना के अनुसार जेबीएन के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि किसी के कार्यालय या उत्पादन स्थल पर जाने से उनके उत्पाद की गुणवत्ता या पेशेवरों की सेवाओं की व्यापकता को भलीभांति जाना जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जेबीएन की इस पहल में व्यापारिक कम्यूनिटी के सदस्य न केवल अपने व्यापारिक विस्तार के लिये मिलते है बल्कि एक सामाजिक रूप से जागरूक एवं कनेक्टेड व्यापार के रूप में विकसित होने के लिये भी मिलते है। सह संयोजक मदन मूणोत के अनुसार ऐसे आयोजन से सदस्यों को वर्तमान समयानुसार अपने व्यापारिक कौशल को प्राप्त करने और विकसित करने की प्रेरणा मिलती है। जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार एक व्यापारी को अपने व्यापार की सूझ-बूझ के साथ व्यापार के कानूनी पहलुओं में भी पारंगत होना जरुरी होता है ताकि अनावश्यक परेशानियों से बचा जा सके। उनके अनुसार जेबीएन एक ऐसा मंच है जो समाज के भीतर सदस्यों को उनकी व्यापारिक उड़ान को ऊंचाई तक ले जाने के पंख प्रदान करता है।

# श्री आई माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की छठी वर्षगांठ मनाई

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

सिंघाना। सिर्वी समाज सिंघाना द्वारा श्री आई माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की छठी वर्षगांठ बड़ी धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाई उपलक्ष पर श्री आई माता मंदिर परिसर को विशेष शृंगारिक कर सजाया गया यहां सिर्वी समाज द्वारा वर्षगांठ के उपलक्ष में वार्षिक उत्सव पर तीन दिवसीय नवचंडी महायज्ञ एवं देवी पाठ आचार्य पंडित जितेंद्र शर्मा सिंघाना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य यज्ञशाला यजमान संजय (गणेश) एवं सहजमान पूनमचंद जमादारी द्वारा सहपत्नी विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कर यज्ञ में पूर्णाहुति की गई साथ ही इस वार्षिक उत्सव पर गोपाल बर्फा (पत्रकार) परिवार द्वारा श्री आई माताजी की गादी एवं ध्वजा चढ़ाने का सौभाग्य मिला साथ वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर. श्री मारुति नंदन सुंदरकांड मण्डली (बुदीयाखेड़ी) द्वारा सुंदरकांड का कार्यक्रम संपन्न हुआ..! जिसमें सुंदरकांड की चौपाइयों और श्रीआई माता के मधुर भक्ति गीतों पर भक्तजन झूम उठे साथ ही श्री आईमाता एवं अन्य देवता गण विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश, दास हनुमानजी, श्री लक्ष्मी नारायण, श्री सरस्वती माताजी का भी विशेष सज्जा कर शृंगारिक कराया गया इस अवसर पर सामाजिक सहभोज का आयोजन हुआ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सिर्वी



समाज के वरिष्ठ पंच पूनमचंद जमादारी, कमल मुकाती, पूनमचंद चौधरी, मोती कोटवाल, नवयुग मंडल अध्यक्ष कमल बर्फा , समाज के वरिष्ठजन, युवा संगठन, सिर्वी महासभा प्रतिनिधि , महिला मंडल आदि बड़ी संख्या में समाज बंधुओं कार्यक्रम में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया । उक्त जानकारी विजय राठौर सिघाना द्वारा दी गई

# बेहतर स्वास्थ्य बेहतर लाइफ : डॉ प्रताप सिंह चौहान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। जमुना ऑटो लिमिटेड मलानपुर पर डॉ मुदगल्स स्पर्श हॉस्पिटल एबं फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑ? इंडिया ग्वालियर ब्रांच द्वारा एक टॉक शो फैक्ट्री के सीनियर स्टॉफ को अवेयर करने के लिए किया गया जिसका मुख्य् उद्देश्य सभी लोंगो स्वस्थ रखना था। कार्यक्रम का संचालन श्री अच्छेद्र सिंह कुशवाह द्वारा किया गया एबं अन्य नवीन गतिविधियों पर भी जानकारी दी।




कार्यक्रम में मुख्य् अतिथि के रुप में डॉ मुदगल्स स्पर्श हॉस्पिटल के के डायरेक्टर डॉ विश्वास मुदगल जी उपस्थित थे उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्पर्श हॉस्पिटल की गतिविधियों पर जानकारी दी साथ ही इन्होने जनरल हेल्थ पर भी जानकारी दी. कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता जमुना ऑटो लिमिटेड की और से श्री एन एम शामसी जी ने की साथ ही इन्होने सभी को स्वास्थ्य पर जागरूक रहने की अपील भी की. कार्यक्रम में मुख्य् वक्ता के रुप में स्पर्श हॉस्पिटल के मेडिसन बिभाग के डॉ प्रताप सिंह चौहान जी उपस्थित थे उन्होंने टॉक शौ के माध्यम से कई प्रश्नो कर उत्तर देते हुए सभी हाइपरटेंशन क्या इससे कैसे बचा जा सकता है एबं ब्लड प्रेशर पर किस प्रकार सुधारा जा सकता है उन्होने विस्तार पूर्वक जानकारी दी कार्यक्रम के माध्यम से कुल 35 लोगो को जागरूक किया गया कार्यक्रम में श्री रविशंकर जी एबं देवेंद्र शर्मा का भी सहयोग रहा..कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न श्री शलव श्रीवास्तव जी के मार्गदर्शन में किया गया।

# सोशल मीडिया के माध्यम से महा जनसंपर्क अभियान को सर्वव्यापी बनाएं : संध्या राय

### भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुध एवं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य 4 जून को भिण्ड और दतिया के सोशल मीडिया के योद्धाओं से करेंगे संपर्क

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की 9 वर्ष के कार्यकाल उपलब्धियों को एवं 30 मई से 30 जून तक चलने वाले एकमात्र भारतीय जनता पार्टी के विशाल महा संपर्क अभियान की तैयारी को लेकर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में आयोजित की गई जिसमें आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए विचार विमर्श किया गया। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ , एवं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य 4 जून को भिंड आएंगे । संस्कृति गार्डन में दोनों जिले के सोशल मीडिया के योद्धाओं से संवाद करेंगे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद संध्या राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है विचार और सेवा और समर्पण के माध्यम से ही संगठन को मजबूती प्रधान मिलती है केंद्रीय नेतृत्व ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर महा जनसंपर्क अभियान 30 मई से 30 जून तक प्रारंभ होने जा रहा है भिंड और दतिया के प्रत्येक बूथ स्तर तक इस अभियान को हम सब मिलकर के सर्वव्यापी बनाकर गति प्रदान करें। भाजपा जिला अध्यक्ष



देवेंद्र सिंह नरवरिया ने महाजनसंपर्क अभियान को लेकर आयोजित बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिली है अपने कार्य को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में आगे बढ़ाएं। नरवरिया ने कहां की भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान महायज्ञ है जिसमें हर कार्यकर्ताओं को अपनी अहम भूमिका निभाकर प्रत्येक समाज के घर घर पहुंच कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाएं उन्होंने कहा कि 1 माह का समय हर कार्यकर्ता को देना है हम घर पर नहीं बैठे व्यक्ति नहीं विचार भाव से हम काम करेंगे तो हमारा निश्चित महा जनसंपर्क अभियान गति प्रदान करेगा। सर्किट हाउस पर महाजनसंपर्क अभियान की तैयारी को लेकर जिला समिति की बैठक में तय किया गया कि दोनों जिले के सोशल मीडिया के कार्यकर्ता शहर की संस्कृति गार्डन में समय 9 एकत्रित होंगे 10 बजे से 11 बजे तक पंजीयन किया जाएगा 12 दोनों राष्ट्रीय नेता सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे उसके बाद मुरैना के लिए रवाना होंगे। साथ ही महा जनसंपर्क अभियान के तहत भिण्ड, गोरमी मैं दो परिवारों के बीच जन समर्थन के तहत रूबरू होंगे और उनसे केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताएंगे और साहित्य भी भेंट करेंगे। बैठक में राष्ट्रीय महा जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक अशोक सिंह कुशवाह, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि सेन जैन जिला महामंत्री धर्म सिंह भार्गव,जिला उपाध्यक्ष सुधा राठोर,जिला मंत्री डॉ तरुण शर्मा, विशेष रूप से मौजूद थे।

## संपादकीय

# जिस भारत ने दिया दुनिया को गणतंत्र का उपहार

रविवार 28 मई को भारत के नए संसद-भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया. इस समारोह से लगभग दो दर्जन राजनीतिक दल जो विपक्ष में हैं, गायब रहे. उन्होंने इस समारोह का बहिष्कार किया और इसके पीछे उनका तर्क था कि यह उद्घाटन राष्ट्रपति महोदया को करना चाहिए था और उन्हें नहीं बुलाकर लोकतंत्र का अपमान किया गया है. सत्तापक्ष ने भी मामले को सुलझाने की कोशिश नहीं की और पूरी भव्यता के साथ इस समारोह का आयोजन किया गया और पीएम मोदी ने संसद-भवन को लोकार्पित किया. कौन जीता पता नहीं, पर लोकतंत्र हारा दुनिया के मंच पर शक्ति और वैभव के साथ ठसक से उभर रहे भारतीय लोकतंत्र का यह ऐसा मंदिर है, जिसमें गुलामी की परछाई ढूंढने से भी नहीं मिलेगी. देश के करदाताओं के पैसे से निर्मित इस भव्य इमारत की हर ईंट उस उदीयमान राष्ट्र की कहानी बयां कर रही है, जो आज दुनिया की दशा-दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा रहा है और जिसकी ओर दुनिया उम्मीद भरी दृष्टि से देख रही है. विडंबना देखिये, ये उम्मीद देश के विपक्ष को नहीं दिख रही, तभी तो डेढ़ दर्जन से अधिक सियासी दलों ने भारत के संसदीय इतिहास के इस निर्णायक मोड़ का साक्षी बनने से इंकार कर दिया. नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार के पीछे विपक्ष की दलील थी कि भारतीय गणतंत्र का मुखिया होने के नाते यह शुभ कार्य राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए ना कि प्रधानमंत्री के हाथों. यह एक ऐसा ज्वलंत प्रश्न है, जिसका ठोस उत्तर किसी के पास नहीं है, भले ही सरकार के इस निर्णय को उचित ठहराने में बीजेपी एड़ी चोटी का जोर क्यों ना लगा ले. हालांकि, हम इस हकीकत से भी मुंह नहीं मोड़ सकते कि भारतीय लोकतंत्र में राष्ट्रपति का चाहे जितना महिमामंडन हो, सत्तर के दशक के बाद से ही सियासी दलों ने अपने संकीर्ण स्वार्थ के चलते इस पद की गरिमा को जो ठेस पहुंचाना शुरू किया, वह कुछ अपवाद को छोड़कर आज तक बदस्तूर जारी है. ऐसे में मौजूदा सत्ता तंत्र से यह अपेक्षा रखना ही बेमानी है कि वह इस महत्वपूर्ण उद्घाटन समारोह को राष्ट्रपति के द्वारा संपन्न करवाने का निर्णय लेता. संसद के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति करें या प्रधानमंत्री, मंदिर तो यह हमारे लोकतंत्र का ही है, इस बात को विपक्ष नजरंदाज कैसे कर गया? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते करते उसने भारतीय लोकतंत्र के मंदिर का बहिष्कार करने का फैसला कैसे कर लिया? एक विपक्षी पार्टी के महत्वाकांक्षी युवा नेता ने तो इसकी तुलना ताबूत से कर दी. आनेवाले दिनों में जब संसद का अगला सत्र इस भवन में बुलाया जाएगा, तो क्या विपक्षी सांसद उसमें शिरकत नहीं करेंगे? क्या लोकतंत्र के प्रति इसी प्रतिबद्धता के साथ वे संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे। जिन्हें यह मंदिर ताबूत दिखता है, क्या उन्हें मर्यादित आचरण का पाठ नहीं पढ़ाया जाना चाहिए। क्या अभिव्यक्ति की यह स्वच्छंदता भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है? ऐसे कई गंभीर सवाल हैं, जिनसे हमें जूझना होगा. भारत के संसदीय इतिहास का यह निर्णायक मोड़ ना तो मनोरंजन कोई सार्वजनिक समारोह था ना ही किसी की व्यक्तिगत उपलब्धि के महिमामंडन का अवसर. दुनिया के विशालतम लोकतांत्रिक देश होने का दावा करनेवाले हम भारतीयों ने इस सुअवसर को कैसे गंवाया...संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ ने कैसे यहां की सियासी पार्टियों को अंधा बना दिया...जिस देश ने दुनिया को गणतंत्र का उपहार दिया, आज उसकी राजनीति कैसे राष्ट्रनीति पर भारी पड़ गई... यह सब इतिहास में दर्ज होगा और भावी पीढ़ियां उसी आधार पर हमारे लोकतंत्र का मूल्यांकन करेंगी.

# बालों पर बूट, सड़क पर घसीटा और हिरासत

राजधानी दिल्ली में एक तरफ जहां नए संसद भवन का उद्घाटन किया जा रहा था तो वहीं कुछ ही दूरी पर इंसाफ की मांग रहे पहलवानों को नए संसद भवन की तरफ मार्च करते वक्त हिरासत में लिया गया. पहलवानों के तंबू वहां से हटा दिए गए. पूरी दुनिया के सामने ये दृश्य हैरान करने वाला था. करीब एक महीने से भी ज्यादा वक्त से ये प्रदर्शन चल रहा था. हम शुरू दिन से ही देख रहे थे कि पहलवान बिल्कुल शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे. पहलवानों की दो खूबी होती है. वे पूरी जिंदगी अपने गुरुजी से हाथ नहीं मिलाते हैं, वे गुरु के पैर छूते हैं. दूसरा ये कि पहलवान अपने से बड़ा आदमी वो चाहें कहीं भी मिल जाए, रास्ते में, अखाड़े में तो वे उसके पैर छूते हैं. हमने ये देखा कि पहलवान उसी शैली में प्रदर्शन कर रहे थे. उनकी जो मांग थी वो प्रदर्शन के जरिए उसका इजहार कर रहे थे. मुझे लगता है कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है, यहां पर पाकिस्तान की तरह डेमोक्रेसी नहीं है, जिसमें तानाशाही अव्वल हो. पहलवानों के इस शांतिपूर्वक प्रदर्शन को पूरा देश देख रहा था. जो रविवार को ओलंपियन पहलवानों के साथ किया गया, एक सवाल ये भी उठ रहा है कि कल का ही दिन वहां पर पहलवानों ने क्यों रखा। जब हमने उन पहलवानों से बात की तो उन्होंने ये बताया कि हमने अंदर का नहीं बल्कि नए संसद भवन के सामने का रखा है. जब हमारी बात कोई एक महीने से नहीं सुन रहा है तो कोई न कोई तरीका तो हम बदलेंगे. पहलवानों ने ये भी कहा कि ये जो सत्तारुढ़ दल है, यही लोग सड़कों पर डांस करते थे, सिलेंडर रख लेते थे. ये लोग भी तो प्रदर्शन करते थे. लेकिन, जिस प्रकार से पुलिस ने बल का प्रयोग किया, इसकी पूरे देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में आलोचना हो रही है. आपने ये देखा कि किस तरह से लड़कियों के बालों पर पैरों के बूट रखा गया. सड़कों पर घसीटा गया. और भी बहुत से तरीके थे उनको उठाने के लिए. उनको आराम से भी उठाया जा सकता था. लेकिन, जान बूझकर इन खिलाड़ियों के साथ ये सलूक किया गया और इन्हें घसीटा गया. ये मुझे लगता है कि एक लोकतांत्रिक देश के लिए खतरे की घंटी है. जब आप नजर घुमाएंगे तो देश के अंदर जिले या फिर ब्लॉक में सांसद मिल जाएगा. लेकिन, ओलंपिक मेडलिस्ट या ओलंपियन गिनती के हैं. ये पहलवान जो बैठे हैं, जिस पुलिस अधिकारी की देखरेख में ये सबकुछ हुआ है, वो पहले इनकी हिस्ट्री जान लेते कि ये कैसे यहां तक पहुंचे हैं. विनेश फोगाट के तो पिता भी नहीं है. बहुत गरीब घरों से, दूध बेचकर और इतनी मेहनत करके यहां तक पहुंचे. एक खिलाड़ी बनने में मुझे लगता है कि कम से कम 12 साल लग जाता है. इससे अनपढ़ मां-बाप भी खुश होते हैं. उन्हें लगता है कि देश के लिए मेडल लेकर आया है. लेकिन पिछले दो दिनों से ये चर्चा है कि जो इनकी हालत की है, उससे बेहतर तो इनको गोली मारना होता. सत्ता का नशा काफी खराब होता है. इंदिरा गांधी ने जब इमरजेंसी लगाई थी और जब नसबंदी का काम चल रहा था, उस वक्त पूरे देश में हाहाकार था. लोग बेबस थे. नसबंदी का रथ हरियाणा के पीपली गांव में आकर रुका था. सत्ता के नशे में कोई भी व्यक्ति जब चूर होता है तो उसका अंत जरूर होता है. जो कुछ भी कल हुआ है, मुझे लगता है कि करोड़ों आदमी जो वर्तमान सरकार है, उसका वोटर था, वो आगे से टूट गया. इतना गहरा उन लोगों को सदमा है कि इसका असर हुआ है. लोगों में ये भी सोच है कि अगर सत्ता पक्ष इसकी सहीं से जांच नहीं करवाता है तो सत्ता ही बदल देनी चाहिए. सत्ता बदलने में तो समय लगेगा. लेकिन लोगों का धैर्य देखिए... लोग छह महीने- साल भर जरूर इंतजार कर रहे हैं. ऐसे में आप ये सोच सकते हैं कि लोगों में किस कदर का रोष है. इस वक्त जो भी आरोप बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर लगाया गया है वो अंडरट्रायल है. इसका न हमें पता है और न ही आपको पता है. सिर्फ उन पहलवानों को पता है या फिर बृजभूषण को पता है या फिर उनको पता है जिनके ऊपर ये इल्जाम लगा है. मैंने साल 2014 में राष्ट्रीय दैनिक में एक आर्टिकल लिखा था कि जब ज्यादातर पहलवान दिल्ली या फिर हरियाणा के या पंजाब के हैं तो फिर लखनऊ में कैंप क्यों लगता है। मैंने साथ में ये भी लिखा था कि कोई राज्य की बात नहीं. आप कैंप को



जाते हैं. आईएएस या आईपीएस की बात करें तो ये 2 से 3 साल में बन जाते हैं. पूरी दुनिया में इसकी आलोचना हो रही है. हर एक हिन्दुस्तानी का खून इस दृश्य को देखकर खौल रहा है. हमारे पास शब्द नहीं है. हम इसे देखकर शर्म महसूस कर रहे हैं. लोगों में इस घटना के बाद मैसेज की जहां तक बात है तो जब कोई बच्चा खिलाड़ी मेडल लेकर आता है तो मीडिया उनके बारे में लिखते हैं. लोग उनको पढ़ते हैं या जो अनपढ़ है उन्हें पढ़कर इस बारे में सुनाया मुजफ्फरनगर में लगा लीजिए, मेरठ या फिर नोएडा में लगा लीजिए. दिल्ली में या फिर पटियाला में लगा लीजिए। रोहतक, सोनीपत या फिर हिसाल में लगा लें. लेकिन, ये समझ से बाहर है कि लखनऊ में जब कोई महिला-पुरुष पहलवान नहीं तो फिर कैंप क्यों लगता है। अब मां-बाप खासकर सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि आखिर कहीं उनके बच्चों के साथ भी ऐसा न हो जाए. ऐसे में अगर इस केस का निपटारा सहीं से नहीं हुआ तो ये खेल काफी पीछे चला जाएगा.

# नए भारत में नया संसद भवन, वर्तमान से भविष्य की ओर..अमृतकाल में ऐतिहासिक पल

6 एकड़ में फैला संसदीय लोकतंत्र का प्रतीक संसद भवन जो 27 फीट उंचे हल्के पीले रंग के 144 खम्भों और 12 दरवाजों से सुसज्जित है, अब वो कल की बात है. जो साक्षी है, भारतीय संसदीय लोकतंत्र की लंबी यात्रा का, उन पलों का, जो अविस्मरणीय रहे, और उन ऐतिहासिक फैसलों का भी, जो भविष्य के भारत की ओर इशारा करते हैं. यह तो हम सब जानते हैं कि हरबर्ट बेकर ने अपने सीनियर और दिल्ली के चीफ ऑफ टाउन प्लानर एडवर्ड लुटियंस के परामर्श के बाद संसद भवन का डिजाइन तैयार किया. मजबूत दीवारों के बीच दोनों वास्तुकारों के बीच दरारों की कहानी भी जगजाहिर है. सवाल है कि फिर वो कौन था, जिसने दोनों इंजीनियरों के बीच संबंधों में पड़ी दरारों के बीच इन दीवारों को खड़ा किया. नाम हम बताते हैं, लक्ष्मणदास, जी हां, दिलचस्प बात ये भी है कि ये लक्ष्मणदास उस सिंध से आए तो थे, जो बाद में पाकिस्तान का हिस्सा बन गया. लक्ष्मण ने शायद ये सपने में भी नहीं सोचा होगा कि लोकतंत्र की जिस इमारत को वो गढ़ रहे हैं, एक दिन आएगा, जब वो उसका हिस्सा नहीं रहेंगे.

रोमांस ऑफ दिल्ली में खुशवंत सिंह लक्ष्मणदास की नेक नीयत और ईमानदारी के बारे में प्रशंसा करते नहीं थकते. ऐसा लगता है मानो कि इतिहास लिखने वाले उन हाथों का जिक्र करने में तंगी कर गए जो वास्तविकता में इतिहासकार थे. 1921-1927 के बीच बनकर तैयार हुई गोलाकार संसद भारतीय आड़ादी का आफताब बन गई. 26 जनवरी 1950 को भारत ने एक आधुनिक गणतंत्र के तौर पर इसी भवन में जन्म लिया. यही भवन संविधान निर्माण का गवाह बना. ये भवन, भारत की बड़ती सैन्य क्षमता, भारत के परमाणु शक्ति बनने से लेकर, आपातकाल की कड़वी यादें, कभी गठबंधन की राजनीति तो कभी मजबूत जनाधार वाली सरकार, नेताओं के ओजस्वी भाषण और बेहतर संवाद शैली, सहमति असहमति के बीच वाद-विवाद साक्षी रहा है. साल 2020 में संसद के नए भवन (त्रिभुजाकार) की नींव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ये कहते हुए रखी कि नया संसद भवन सदस्यों की दक्षता में वृद्धि और उनकी कार्य संस्कृति को आधुनिक बनाएगा. उन्होंने कहा कि यदि पुराने संसद भवन ने स्वतंत्रता के बाद भारत को दिशा दी, तो नया भवन देश को 'आत्मनिर्भर' बनाने का साक्षी बनेगा. यदि पुराने संसद भवन में देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम किया गया था, तो 21वीं सदी की भारत की आकांक्षाओं को नए भवन में पूरा किया जाएगा. जाहिर है, बड़ती आबादी के बीच प्रतिनिधियों की संख्या का सवाल सबके सामने रहा है. बता दूं कि 1971 की जनगणना के आधार पर फिलवक्त लोक सभा सीटों की संख्या 545 पर रुकी हुई है, जिसमें साल 2026 के बाद बड़ोत्तरी होने की संभावना है क्योंकि सीटों की कुल संख्या पर रोक केवल 2026 तक ही है. इस बात को समझना भी जरूरी है कि जो देश आबादी के लिहाज से भारत से बहुत छोटे हैं वहां की संसद में भी जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भारत की अपेक्षा कहीं अधिक है. मसलन, जर्मनी की आबादी 8 करोड़ है, और वहां की संसद 'बुंडेस्टाग' में सदस्य संख्या 631 है. इंग्लैंड की आबादी 6 करोड़ है जबकि हाउस ऑड़ कॉमन में 650 और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में 804 सदस्य हैं. अमेरिका की आबादी करीब 33 करोड़ है और वहां की प्रतिनिधि सभा में 435 सदस्य हैं. फ्रांस की आबादी लगभग सात करोड़ है और उसकी नेशनल असेंबली में सीटों की संख्या 577 है, सीनेट की संख्या 348 है. इसी तरह 16 करोड़ की आबादी वाले बांग्लादेश की जातीय (राष्ट्रीय) संसद में सांसदों की संख्या 350 है. नेपाल में तीन करोड़ की आबादी पर प्रतिनिधि सभा में 275 सदस्य हैं. 4 करोड़ के कनाडा में उसके निचले सदन में सदस्यों की संख्या 338 है. 8 करोड़ आबादी वाले तुर्की सदन मजलिस में सदस्यों की संख्या 550 है.

# बिहार में 1990 के दशक की आहट

पिछले दिनों बिहार में गोपालगंज के पूर्व डीएम कृष्णैया की हत्या में सज़ा काट रहे बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह को रिहा करने के लिए सरकार ने जेल मैनुअल में बदलाव कर दिया. उसके बाद ही फिलहाल रांची जेल में बंद प्रभुनाथ सिंह की रिहाई की भी मांग जोर पकड़ने लगी है. बिहार की 40 लोकसभा सीटों में कम से कम दस ऐसी सीटें हैं, जिन पर ऐसे बाहुबली नेताओं की छाप रही है. इनमें वैशाली, पूर्णिया, सुपौल, शिवहर, मुंगरे, सारण, नवादा प्रमुख हैं. तो क्या बिहार में इतिहास फिर 1990 वाले दौर की तरफ आ रहा है या यह क्षणिक बुलबुला है, जिसका कोई निशान नहीं रहेगा. हम अगर तथ्यात्मक बात करें तो बिहार की विधानसभा में 70 फीसदी जो चुने हुए विधायक हैं, उनका क्रिमिनल रिकॉर्ड है. यह एडीआर का रिकॉर्ड है. हालांकि, हम अगर परसेप्शन की बात करें, धारणा की बात करें तो थोड़ा पीछे 30 साल पहले जाना होगा. उस वक्त बिहार की राजनीति का अपराधीकरण शुरू हुआ था. वह पूरा इतिहास सभी के सामने खुला है. दिक्कत इस बात की है कि आज 21वीं शताब्दी में जब विकास की बात हो रही है, केंद्र से लेकर बाकी राज्यों तक नैरेटिव बदल गया है, तो बिहार में फिर से वही हो रहा है. आरजेडी के नए कर्ता-धर्ता तेजस्वी यादव ने जब %ए टू जेड% पॉलिटिक्स की बात की, तो ऐसा लगा था कि वह कुछ नयी पॉलिटिक्स करना चाहते हैं, लेकिन अब जब आनंद मोहन सिंह की रिहाई के लिए कानून बदल दिया गया, प्रभुनाथ सिंह की रिहाई की मांग हो रही है तो सोचना पड़ता है कि वह तेजस्वी यादव की पॉलिटिक्स क्या थी? बिहार का पिछला एमएलसी चुनाव ही देखें तो आरजेडी के कई प्रत्याशी ऐसे हैं, जिनसे यही धारणा बनती है कि उस ए टू जेड का मतलब तो यह है कि बिना वर्ग, जाति या धर्म का विभेद किए ही हरेक वर्ग के पुराने दबंगों की वापसी कराने जा रहे हैं. यह सचमुच चिंता का विषय है कि जिस देश की 60-65 फीसदी आबादी युवा है और 35 वर्ष से कम उम्र की है, वहां आपको 30 साल पुराने लोगों की जरूरत पड़ रही है, तो आप बताना क्या चाहते हैं? इससे आरजेडी की नीयत पर सवाल तो उठता ही है. बिहार की कई सीटें ऐसी हैं, जहां दबंग और हिस्ट्रीशीटर प्रभावशाली हैं. वैशाली में आनंद मोहन, मधेपुरा-सुपौल में पप्पू यादव, मुंगेर में अनंत सिंह से लेकर सारण में प्रभुनाथ सिंह तक कई नाम ऐसे हैं जो या तो जेल से छूट चुके हैं या छूटने की तैयारी में हैं. 2005 में जब नीतीश कुमार पहली बार सत्ता में आए थे, मुख्यमंत्री बनकर तो उस समय भी राजनीति में अपराधी थे, लेकिन सत्ता का चरित्र बदला था. थोड़ा और सांकेतिक ही सही, लेकिन यह परिवर्तन था. अब जिलावार, क्षेत्रवार फिर से जब अपराधियों की येन केन प्रकारेण घर वापसी कराई जा रही है, तो यह बिहार के लिए खतरनाक संकेत हैं. बिहार में अपराध केवल एक समस्या नहीं है, उसका चरित्र बदला है, यह भी समस्या है. जमीन और शराब के लिए जितने भी अपराध हो रहे हैं, वह चिंता का विषय है. मजे की बात है कि जितने भी अपराधी किसी भी दूसरे क्राइम से जुड़े थे, उन्होंने शराब की तस्करी और जमीन से जुड़े अपराधों में अपना सिंडिकेट बना लिया है.

बिहार में कानून-व्यवस्था तो खैर पिछले 30 वर्षों से एक शाश्वत समस्या है, लेकिन आप अगर याद करेंगे तो पाएंगे कि 2005 से 2010 की अवधि में इसी बिहार ने उस पर अंकुश भी पाया था. उस समय ये हालत थी कि एक डीजीपी लेवल की राज्यस्तरीय मीटिंग में जम्मू-कश्मीर के डीजीपी ने बिहार के तत्कालीन डीजीपी से अपराध पर अंकुश लगाने के टिप्स मांगे थे. तब बिहार में स्पीडी ट्रायल भी हुए थे, विशेष अदालतें भी बनी थीं और आंकड़ों के हिसाब से 50 हजार छोटे-बड़े अपराधियों को जेल में डाला गया था. बिहार में अगर चुनाव का पैटर्न देखें तो बहुत दिलचस्प है. विधानसभा चुनाव में आरजेडी-जेडीयू गठबंधन का हाथ ऊपर रहता है, लेकिन लोकसभा चुनाव में बीजेपी बहुत ही भारी अंतर से जीतती है. अभी ओबीसी, दलितों, महादलितों का बांट-बखरा यानी सोशल इंजीनियरिंग नीतीश कुमार ने कर ली, तो अब आगे तो देखना ही पड़ेगा. तेजस्वी यादव भी ए टू जेड की बात कर रहे हैं. महागठबंधन यह मान रहा है कि विधानसभा में तो हमारा वोट ठीक रहता है, लेकिन लोकसभा में बीजेपी शायद हमारे कोर वोटर्स में सेंध लगाती है. इसीलिए अब उनकी कोशिश है कि बीजेपी के जो कोर वोटर माने जाते हैं, यानी सवर्ण, उनमें सेंध लगाई जाए. यही कारण है कि तेजस्वी जाति देखकर अपराधियों की घर वापसी करवा रहे हैं. बिहार में बाहुबल और जाति प्रभावशाली तो रहेंगे ही. जातीय समीकरणों से मुक्त होने की बात करना तो ठीक नहीं रहेगा, दूसरे जो अपराधियों की घर वापसी और उसके चुनाव पर प्रभाव की बात है, तो शायद वह उतना प्रभाव न डाले. जैसे, आनंद मोहन जब वैशाली में जीते थे तो लालू-विरोध के नाम पर आम तौर पर एक-दूसरे के विरोधी रहनेवाले भूमिहार और राजपूत खुलकर एक साथ आए थे. तब से अब तक काफी पानी गंगा और बूढ़ी गंडक में बह चुका है. यानी, इन लोगों का प्रभाव पहले की तरह रहे, यह जरूरी नहीं है. इस चुनाव में एक मुद्दा तो खुद नरेंद्र मोदी रहेंगे. उनकी छवि भी होगी. उसके साथ ही महागठबंधन के अपने मुद्दे रहेंगे और बाकी बिहार के मुद्दे तो हैं ही. उस संग्राम में मुझे नहीं लगता कि ये अपराधी सह नेता पहले की तरह प्रभावशाली रहेंगे.

# नए संसद भवन में सेंगोल की स्थापना: राजपथ गुलामी का प्रतीक था तो राजदंड लोकतंत्र का प्रतीक कैसे

देश को नया संसद भवन मिल गया है. इस बीच नए संसद भवन के साथ ही एक और शब्द ही काफी चर्चा हुई. वो शब्द है सेंगोल. सेंगोल को नए संसद भवन में लोकसभा स्पीकर के आसन के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थापित किया. इसमें हमें कई चीजें समझने की जरूरत है. पूरे विश्व में, ख़ासकर पश्चिम में, हम देखते हैं कि वो अपने पुराने धरोहर को संजोकर रखते हैं. आइसलैंड का बिल्डिंग 930 में बना था और आज भी वो चल रहा है और उनको इस पर बहुत गर्व होता है. ब्रिटेन के पार्लियामेंट को दो सौ साल से ऊपर हो गए हैं, उसको भी देखकर उन्हें गर्व होता है. हालांकि पहले भी वो बिल्डिंग थी, लेकिन 1834 में वो जल गई थी तो दोबारा वहीं पर बनाया. उसकी तरह अमेरिका का संसद यानी कांग्रेस, जिसे कैपिटल बिल्डिंग भी कहते हैं, 1800 ईस्वी से चला आ रहा है. इस तरह से आप फ्रांस, जर्मनी या इटली चले जाएं, हर जगह पुराने धरोहर, पुराने भवन होते हैं, उसको पूरे राष्ट्र से जोड़कर देखा जाता है क्योंकि वो एक जीवंत इतिहास का प्रतीक होता है. हमारा तो अभी सौ साल भी नहीं हुआ है. इतनी खूबसूरत इमारत बनी हुई है. ये जरूर है कि उसे अंग्रेजों ने बनाया, लेकिन उन्होंने तो सारे भारत का जो गौरव है..चौसठ योगिनी मंदिर हो, सांची का स्तूप हो या फिर भारत की जितनी खूबसूरत चीजें या सांस्कृतिक चीजें हैं, उनको संसद भवन में संजो कर रखा.

ये बात ठीक है कि जब इमारत पुरानी होती है, तो उसको मरम्मत की जरूरत होती है. आपको उसको मरम्मत कराएं, उसमें कोई हर्ज नहीं है. अगर उसी संसद को हम पांच सौ या हजार साल चलाते हैं, तो उससे पूरे विश्व में एक संदेश जाता है. मेरा मानना है कि उनको कोशिश यही करनी चाहिए थी कि पुराने भवन का जीर्णोद्धार होता और वहां भी इस तरह के कार्यक्रम हो सकते थे, उसमें कोई परेशानी नहीं है. इसमें दूसरी चीज जो है, उसमें हमने कुछ परंपराओं का पालन नहीं किया है. राष्ट्रपति देश के प्रमुख हैं, उनको आगे रखकर काम करने की परंपरा होती है. कहीं न कहीं हम उसमें भी चूक गए. उपराष्ट्रपति, स्पीकर उनका अपना एक प्रोटोकॉल होता है. उसमें भी हम चूक गए. या ये भी हो सकता है कि वे नई परंपरा कायम करना चाहते हों, जो शायद हमें समझ में न आया हो. जहां तक सेंगोल की बात है..जिस तरह से सेंगोल को महिमामंडित किया जा रहा है, मुझे नहीं मालूम कि उसकी जरूरत है भी या नहीं. ये वो सेंगोल नहीं है जो चोल या पांड्य राजवंश अपनाते थे. ये उनका बनाया हुआ नहीं है. मैं मानता हूं कि 15 अगस्त 1947 में जब भारत आज़ाद हो रहा था, उससे 10-15 दिन पहले कुछ ख़ास ग्रुप के लोगों (जो अधीनम के नाम से जाना जाता है और जो आजकल के तमिलनाडु से ताल्लुक रखते हैं) ने रातों-रात ये सेंगोल बनाया. ये बात रिकॉर्ड में है. ये लोग उसे नेहरू जी को आकर



देना चाहते थे. जब कोई नया काम होता है तो कोई नई चीजें देना चाहता है. ऐसे में सामान्य तौर से जो सरकार में होते हैं, प्रमुख पदों पर होते हैं, वे उपहार के लिए मना नहीं करते हैं और ले लेते हैं. उसे लेने का अर्थ ये नहीं था कि उसमें कोई ख़ास इतिहास छिपा हो. पुरानी चीज को देखते हुए एक नई चीज़ हमने बनाई और उसको आपको दे दिया ये कहते हुए कि पुरानी परंपरा रही है. मेरे हिसाब से नेहरू जी ने उसको ले लिया और फिर जो समुचित है, उसके मुताबिक उसे इलाहाबाद म्यूजियम में बतौर उपहार रखने के लिए दे दिया. मुझे ये इसलिए भी मालूम है क्योंकि मेरी पहली नौकरी इलाहाबाद म्यूजियम से ही शुरू हुई थी. वो जो पूरा कक्ष है, उसमें कई चीजें सजाकर रखी हुई हैं. उसमें वो ऐसे कोई महत्वपूर्ण चीज नहीं था, जिस पर कि हम आज इस तरह से बात कर रहे हैं कि वो एक बहुत बड़ी चीज थी या फिर हमारे हिन्दू धर्म की कोई प्रथा थी. उस वक्त हिन्दू धर्म का जो स्वरूप था, वो भी बिल्कुल अलग था. उस वक्त दक्षिण की प्रथाएं अलग थीं और उत्तर की प्रथाएं अलग थीं. उस चीज को इतना महिमामंडित करना, मुझे नहीं समझ में आता है कि इसकी कोई आवश्यकता सामान्य रूप से रही हो. हो सकता है कि जिन्होंने ये किया है, वे अपने हिसाब से सोचकर किया हो. जब राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किया था, तो उस वक्त भी शायद राजपथ का अर्थ हमने ग़लत समझा था. राजपथ का मतलब ही होता है कि राजा का कर्तव्य का रास्ता. कर्तव्य उसमें निहित है. उसके बिना राज हो नहीं सकता. ये परंपरा चल पड़ी है कि हम हर चीज का नाम बदल देते हैं, उसकी कोई जरूरत नहीं थी. राजपथ था और जनपथ था. दोनों एक जगह आकर मिलते हैं, और वो सेंट्रल विस्टा के सेंटर में आकर मिलते हैं. राजपथ और जनपथ का जो चौराहा है, वो इंडिया गेट और राष्ट्रपति भवन के बिल्कुल केंद्र पर है. राजपथ में कर्तव्य की बात शामिल होती है. अटल बिहारी वाजपेयी ने भी कहा था कि हमें राजधर्म का पालन करना चाहिए. राजधर्म बिना कर्तव्य के नहीं होता है. सामान्य रूप से इस तरह के राजदंड एक शाही परंपरा को जन्म देते हैं. शाही परंपरा का ही अनुसरण करते हैं. उस हिसाब से देखा जाए तो सामान्य जनतांत्रिक प्रक्रिया है, उसमें ये बहुत ज्यादा समीचीन (उचित) नहीं लगता है. अचानक इस प्रकार का कोई ऐतिहासिक धरोहर बनाना समझ से परे है. जिन लोगों ने ऐसा किया है, हमे ये भी देखना चाहिए कि उसमें उनका कोई स्वार्थ तो नहीं है. कहीं ऐसा तो नहीं है कि ये पब्लिक रिलेशन का कोई बहुत बड़ा एक्सरसाइज हो, जो नेहरू जी के जमाने से चला आ रहा हो और 75 साल से अभी भी चल रहा है. जिस मठ के बारे में कोई नहीं जानता था, उस वक्त उसके लिए 15 हजार रुपये खर्च किए गए थे, जो उस समय के हिसाब से बहुत बड़ी रकम होती थी. आजादी के कार्यक्रम से पहले नेहरू जी के पास पहुंच जाए, उसके लिए ख़ासकर फ्लाइट से भेजा गया. इन सारी चीजों को देखें तो पाएंगे कि इसमें कहीं न कहीं बहुत कुछ व्यवस्थित बातें हैं, जो सामान्य लोगों को आसानी से नहीं दिख रहा है. आज अचानक इसको फिर से आगे लेकर क्यों आए हैं, क्यों इसको इस तरह से बढ़ाया गया, ये सारी चीजें सोचने की बात है. हो सकता है कि इसका राष्ट्र के हित से संबंध हो या फिर आने वाले तमिलनाडु के चुनाव से कोई संबंध हो. उसमें बहुत सारी संभावनाएं हो सकती हैं. लेकिन जिस तरह से इसका महिमामंडन किया गया है और इसको ऐतिहासिक बताया जा रहा है, सामान्य तथ्य जो सामने हैं, उसके तहत ये कोई ऐतिहासिक वस्तु नहीं है. ये म्यूजियम में एक सामान्य सा उपहार रखा हुआ था. मेरे ख्याल से उसको लेकर इस तरह से सारी चीजें करना, उसके जो सारे आयाम हैं, उनको अध्ययन करना चाहिए....तभी हम किसी निष्कर्ष पर निकल पाएंगे. लेकिन सामान्य तौर से इसको इतना आगे बढ़ाने की जरूरत नहीं थी. स्पीकर के आसन के बगल में सेंगोल रखा गया है, ये कितना उचित है, इस पर विशेषज्ञ बात करेंगे. लेकिन किसी म्यूजियम के धरोहर को वहीं रखा जाना चाहिए. ऐसा करना था तो कोई नया बना लेते. मैं मानता हूं कि इस देश की जो परंपरा है, उसमें विपक्ष और पक्ष में किस प्रकार से ज्यादा बातचीत हो सके, उस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है. हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है कि जनता जो बात पहुंचाना चाहती है, वो आसानी से पहुंच जाए और उसका समाधान हो. हमें ये भी देखना पड़ेगा कि विभिन्न राज्यों के बीच में मनमुटाव नहीं हो. जनतंत्र की एक प्रक्रिया है कि सब लोग साथ बैठें, साथ सोचकर निर्णय लेते हुए काम करें. जो पहले कभी प्रतीक चिन्ह रहे नहीं हों, उन्हें प्रतीक चिन्ह बनाने से पहले सबके साथ विचार कर लेते हैं तो ज्यादा अच्छा रहता है.

# भारतीय संस्कृति ओर परम्पराओं को बचाने का कार्य कर रहे हैं सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यालयः प्रमोद चतुर्वेदी

## मुंगावली सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहे व्यक्तिक विकास शिविर (समर केम्प) का समापन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**संवाददाता हरिओम परिहार शिवपुरी**

मुंगावली। नगर में विद्या भारती मध्य भारत प्रान्त द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 26 मई से चल रहे व्यक्तिक विकास शिविर के समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे योग, कम्प्यूटर, चित्रकला, मेहंदी, कड़ाई, बुनाई, इंग्लिश स्पीकिंग, आदि का प्रशिक्षण नगर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 50 भैया बहिनों ने लिया। आज समापन कार्यक्रम में शिविर की संयोजक दीदी मीना झा ने पांच दिवस के अपने सभी क्रियाकलापों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और आगे इस तरह के आयोजन विद्यालय परिवार करता रहेगा यह बतलाया बहिन अवनी तिवारी ने अंग्रेजी में भाषण दिया और बताया कि इस तरह के आयोजनों के लिए हम विद्यालय परिवार का धन्यबाद देते हैं हम पांच दिवस में बहुत कुछ सीखने को मिला कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान समिति के कोषाध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेद ने बतलाया कि



कैसे पढ़ाई के अलावा भी बच्चो को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व को निखारने के कार्य करना चाहिए उन्होंने बताया कि आज शिशु मंदिर ही हमारी परम्पराओं को बचाने का कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में नहर के समाज सेवक व पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरेश ग्वाल ने बताया कि हमे किस तरह की गतिविधियों में भाग लेकर अपने समग्र विकास की बात पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष डॉ राजीब सोनी भी उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से नगर में एक संदेश जायेगा कि इन अवकाश के दिनों में भी कोई न कोई एक्टिविटी करते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आशा दुवे दीदी ने किया अन्त में सभी भैया बहिनों को प्रमाणपत्र वितरित किये गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय की दीदी रविकान्ता तिवारी, सविता तोमर, अंजना साहू, आचार्य चंद्रेश असबरिया, संदीप श्रीवास्तव, ओर प्रमोद झा ने भैया बहिनों का इन पांच दिवस में मार्गदर्शन किया।

# दिनारा पुलिस की सक्रिय कार्यवाही से सैमरा तिराहा हाईवे रोड से आरोपी कपिल परिहार, राजीव परिहार निवासीगण रामगढ थाना रक्सा झांसी को अवैध ओ.पी.जहरीली शराब लिये पकड़ा गया

**हरिओम चतुर्वेदी ब्यूरो**




दिनांक 30.05.2023 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण भूरिया जी के निर्देशन एवं श्रीमान एस डी ओ पी महोदय करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में दिनांक 30.05.2022 को थाना प्रभारी उप निरी. संतोष भार्गव थाना दिनारा एवं चौकी प्रभारी थनरा थाना दिनारा को को निर्देशित किया कि सैमरा तिराहा हाईवे रोड पर पर दो व्यक्ति अवैध रुप से ओ.पी. जहरीली शराब लेकर ग्राम सैमरा में खपत करने जा रहे है है मुखविर सूचना पर से सैमरा तिराहा पर चैकिंग के दौरान दो व्यक्ति पुलिस को आते देखकर गांव की ओर भागने लगा उक्त व्यक्तियों को पकडकर नाम पते पूछा तो एक ने अपना नाम कपिल पुत्र नत्थू परिहार उम्र 34 साल , राजीब पुत्र कमल सिंह परिहार उम्र 19 साल निवासी रामगढ थाना रक्सा जिला झांसी उ.प्र. के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लासिटक की कैन में 20 ली. ओ.पी. जहरीली शराब कीमती 2000/-रु. की एवं मोटर साईकिल क्रमांक ङ्कएम.पी. 07 एम के 9217 को जप्त किया गया कुल कीमती 42000/- रु. की जप्त की वापसी पर अपराध क्रं.125/23 धारा 49(क ),34 आवकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपी को जे.आर. पर माननीय न्यायालय पेश किया गया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी दिनारा उप निरी. संतोष भार्गव, चौकी प्रभारी थनरा सउनि सतीश जयंत, सउनि सोवरन सिंह सिसोदिया , प्र.आर. 276 रवि मांझी, प्र.आर. 490 हिमाचल सिंह, आर. 678 जितेन्द्र, आर. 130 अंकित सिंह, आर. 595 रामअवतार, आर. 240 पीकेश सैनिक 270 यशपाल सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।



# पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने साइकिल से रात्रि में नगर का भ्रमण किया

## कोम्बिग गश्त के दौरान पॉइंट चेक किए व आने जाने वालों से पूछताछ की

**संवाददाता हरिओम परिहार शिवपुरी**

पिछोर। शिवपुरी पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदोरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन में शिवपुरी जिले के अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान का पालन करते हुए समस्त जिले के थानों पर कोम्बिग गश्त चलाया जा रहा है इसी क्रम में पिछोर डीएसपी इशांत शर्मा ने रात्रि 11ः00 बजे से सुबह 5ः00 बजे तक साइकिल से कोम्बिग गश्त किया नगर परिषद पिछोर में डीएसपी प्रशांत शर्मा ने आने जाने वाले लोगों से बातचीत की तथा आने जाने वाले लोगों के लिए



समझायश दी डीएसपी प्रशांत शर्मा ने सारी रात्रि साइकिल से नगर में भ्रमण किया और कोम्बिग गश्त मुस्तैदी के साथ किया तथा थाना स्टाफ कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गए कि कोम्बिग गश्त मुस्तैदी के साथ करें तथा आने-जाने वालों पर विशेष नजर रखें और उनसे पूछताछ करें जिससे नगर में शांति का माहौल बना रहे और लोगों को शांति मुहैया कराना हमारा पहला धर्म एवं दायित्व है।

# सेनेटरी पैड-पैकिंग के नाम पर पैसा जमा कराने वाली कंपनी के मालिक के चार सहयोगियों को भेजा जेल

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण




भूरिया एवं एसडीओपी अजय भार्गव के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। सैनेटरी पैड पैक करने के एवज में सीएसवी ब्राण्ड कंपनी ने महिलाओं को चैन सिस्टम से जोड़कर उनके साथ हजारों रुपयों की ठगी की और ठगी को अंजाम देकर कंपनी का मालिक चन्द्रशेखर वर्मा, अपनी मुख्य सहयोगी अखिलेश राजपूत के साथ भाग गया। तत्समय ही थाना कोतवाली पुलिस ने तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए चन्द्रशेखर वर्मा के इस कृत्य में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विगत दिवस पुलिस को सूचना मिली कि इस अपराध में शामिल कुछ अन्य लोग दिल्ली की तरफ भागे है और गिरफ्तारी से बचने के लिये छिपते घूम रहे है इस पर से तत्समय पुलिस टीम रवाना होकर दिल्ली पहुँची जहाँ सघन पतारसी करने पर कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने चन्द्रशेखर वर्मा के विश्वस्त सहयोगी गायत्री अहिरवार उम्र 32 साल निवासी मुकुंदपुर दिल्ली, महेश वर्मा उम्र 25 साल निवासी बक्करवाला जे.जे.कॉलोनी थाना देवरा नई दिल्ली, धर्मेन्द्र कुमार पुत्र पन्नालाल निवासी किल्हुआ थाना पनवाड़ी जिला महोवा, अमर परिहार उम्र 21 साल निवासी मुकुंदपुर नई दिल्ली को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उक्त सभी आरोपीगण चन्द्रशेखर वर्मा व अखिलेश राजपूत के साथ मिलकर इस गोरख धंधे को अंजाम देते थे तथा इस काम में जिस भी चीज की आवश्यकता होती है वह चन्द्रशेखर व अखिलेश राजपूत को उपलब्ध कराते थे तथा इस कंपनी के चैन सिस्टम को बढाने के लिये भोली भाली महिलाओं को भी लाकर इस सिस्टम में जोड़कर उनके साथ ठगी की घटना को अंजाम देते थे। उक्त पूरी कार्यवाही में थाना कोतवाली पुलिस टीम की ओर से उनि दीपक पलिया, प्र.आ.142 नरेश, आर जगदीश, महिला आर रश्मि भार्गव आर महेन्द्र सिहं तोमर की भूमिका रही।

# सर्किल जेल शिवपुरी में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

## पंचम जिला न्यायाधीश विवेक पटेल ने बंदियों को दी जानकारी

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता के निर्देशन में तथा जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अर्चना सिंह के मार्गदर्शन में गतदिवस सर्किल जेल शिवपुरी में जेल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचम जिला न्यायाधीश विवेक पटेल ने उपस्थित बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता, जेल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण कराने संबंधी प्रक्रिया की जानकारी दी। उपस्थित बंदियों को जेल लीगल एड क्लीनिक, जेल विजिटिंग अधिवक्ता एवं जेल बंदियों को प्रदान की जाने वाली विधिक सहायता तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को प्रदान की जाने वाली निशुल्क एवं विधिक सहायता प्ली बारगेनिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक रमेशचंद्र आर्य एवं जेल उपअधीक्षक दिलीप सिंह उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर विवेक पटेल




पंचम जिला न्यायाधीश द्वारा सर्किल शिवपुरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता एवं अधिवक्ता होने अथवा ना होने के संबंध में एवं जेल अपील आदि के साथ साथ भोजन, पानी, स्वास्थ्य, मनोरंजन, मुलाकात आदि के संबंध में पूछताछ की एवं बंदियों की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं का तत्काल निराकरण कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**ब्यूरो न्यूज खरगोन (मुन्ना खान)**

समाज एवम युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व तंबाकू निषेध दिवस पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 31मई को आयोजित किया जाएगा।जिसके अंतर्गत सभी विकास खंड तथा जिला स्तरीय शिवर हस्ताक्षर शपथ रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमे शराब और अन्य मादक पदार्थ, नशीली दवाएं एवम नशे से होने वाले दुष्परिदामो के बारे में अवगत कराया जायेगा। जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम नोडल अधिकारी डाक्टर अवधेश पाटीदार ने बताया की तंबाकू के बने उत्पादों के सेवन से गंभीर बीमारियां जैसे की केंसर, टी बी, हृदय रोग, एवम अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है, इससे बचाव हेतु जन जाग्रति लाने के उद्देश्य से विश्व तंबाकू निषेध दिवस का प्रायोजन किया जाएगा। साथ ही तंबाकू सेवन करता श्रमिकों, ग्रामीणों, गर्भवती महिलाओं के लिए प्रोत्साहन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा । तथा दंत चिकित्सकों नर्सों वह पैरामेडिकल डेंटल आदि के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक संपन्न




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि अक्षय गुप्ता,नाबार्ड से जिला विकास अधिकारी आशीष श्रीवास्तव, एलडीएम प्रताप सिंह एवं समस्त विभाग अधिकारी तथा समस्त बैंकर्स उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक कार्य योजना की समीक्षा की गयी एवं प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। इसके साथ ही आगामी वर्ष 2023-24 की वार्षिक ऋण योजना समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी जिसे समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। बैठक में राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, जिले के वार्षिक साख योजना सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने समस्त विभागाध्यक्ष एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि वह आगामी वित्तीय वर्ष में समस्त योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करें जिससे लक्ष्यों की प्राप्ति समय पर हो सके साथ ही समस्त बैंकर्स को निर्देश दिये कि वह सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों को आगामी 7 दिवस में निराकरण कर बंद करायें, जिससे जिले की ग्रेडिंग में सुधार हो सके।

# भारत विकास परिषद की शाखा भिंड का दायित्व ग्रहण समारोह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारत विकास परिषद शाखा भिंड की नवीन कार्यकारणी का दायित्व ग्रहण एवं नवीन सदस्यों का सम्मान समारोह का आयोजन विद्यावती पब्लिक सेंट्रल स्कूल, भिंड में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी पर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राम भूषण दास जी महाराज रहे, कार्यक्रम में शपथ विधि अधिकारी के रूप मे भारत विकास परिषद मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय महासचिव अनूप अग्रवाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय सरंक्षक विनोद गर्ग द्वारा की गई। साथ ही प्रांतीय संयोजक कमलेश सैंथिया, प्रांतीय सह संयोजक राजमणि शर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मचासीन अतिथियों द्वारा माँ भारती व विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रारंभ मे शाखा अध्यक्ष श्री आलोक दैपुरिया जी ने अपने स्वागत उध्बोधन में सभी मंचासीन व सदन में उपस्थित सभी अतिथियों व परिषद सदस्यो का अभिनंदन करते हुए स्वागत किया। तत्पश्चात प्रांतीय महासचिव अनूप अग्रवाल द्वारा सत्र 2023 -24 के लिए अध्यक्ष आलोक दैपुरिया, सचिव जय प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र शर्मा व समस्त कार्यकारिणी को दायित्व ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर 14 नवीन सदस्य परिवारों द्वारा परिषद की सदस्यता ग्रहण की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर राम भूषण दास महाराज जी ने




अपने आशीष वचन देते हुए कहा भारत विकास परिषद सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाला एक राष्ट्रीय संगठन है जो समाज के लिए निरंतर सेवा भाव से कार्य कर रहा है। व्यक्ति कों अपने परिवार, के साथ-साथ कुछ समय राष्ट हिट मे भी कार्य करने का प्रयास करना चाहिए। सेवा भाव से किए जाने बाले कार्य के लिए व्यक्ति कों समाज पीढ़ी दर पीढ़ी जीवंत रखता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर विनोद गर्ग कहा समाज में संस्कार और सेवा के प्रकल्पों के माध्यम से भारतीय संस्कृति पर आधारित समाज का निर्माण करना परिषद का लक्ष्य है। परिषद अपने पांच सूत्रों संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के आधार पर निस्वार्थ भाव से समाज सेवा कर रही है। श्री गर्ग ने घोषणा करते हुए कहा ÷भारत विकास परिषद के पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी रहे स्व. डॉ. श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में भारत विकास परिषद मध्य भारत उत्तर प्रांत, प्रांत स्तरीय शिक्षक सम्मान कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजन करेगा÷ साथ ही प्रमुख प्रकल्प मे पर्यावरण सरक्षण के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया। प्रांतीय महासचिव अनूप अग्रवाल ने कहा भारत विकास परिषद की नीवं संगठित होकर समाज विकास के लिए कार्य करने हेतु रखी गई थी, जो आज फलीभूत होती दिखाई दे रही है। प्रांतीय संयोजक कमलेश सेंथिया ने परिषद की जानकारी देते हुए कार्यों से अवगत कराया। शाखा भिंड से संजीव गुप्ता कों मुरेना शाखा का पालक, शेलेन्द्र शर्मा कों गोहद शाखा का पालक बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव जय प्रकाश शर्मा एवं शाखा कोषाध्यक्ष गजेंद्र शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

रेसलर्स विवाद में हरियाणा में किसानों की धरपकड़

# महापंचायत के लिए दिल्ली जा रही महिलाएं हिरासत में, टिकरी बॉर्डर सील करने की तैयारी

**पानीपत।** पहलवानों के विरोध-प्रदर्शन के समर्थन में नई दिल्ली जा रहीं महिलाओं की महापंचायत से हरियाणा में शनिवार रात पुलिस ने एक्शन लिया। यहां दिल्ली जा रही महिलाओं और किसानों की धरपकड़ शुरू कर दी। पंजाब से दिल्ली जा रहा महिलाओं का एक जत्था शाम को जब अंबाला के मंजी साहिब गुरुद्वारे में पहुंचा तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। गुरुद्वारे के गेट पर भी पुलिस जवान तैनात हैं। इस बीच पुलिस दिल्ली की सीमाओं को सील करने में जुट गई है। देर रात बहादुरगढ़ सीमा पर टिकरी बॉर्डर पर बड़े-बड़े सीमेंट के पत्थर लाए लाए गए। रास्ते को संकरा करके 15 फीट कर दिया गया है। इसे पूरी तरह बंद किया जा सकता है। ताकि किसान आंदोलन की तर्ज पर पहलवानों के समर्थन में जाने वाले किसान न पहुंच सकें। पानीपत, सिवाह, समालखा, जौरासी, शहर मालपुर गांवों के लोग निजी गाड़ियों में सवार होकर लिंक रोड से दिल्ली की ओर निकले हैं। उधर, पुलिस भी हरियाणा से दिल्ली जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही है। इस बीच पहलवानों ने जंतर-मंतर पर शनिवार रात 9 बजे इमरजेंसी प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई, लेकिन पुलिस ने इससे पहले ही पत्रकारों को जंतर-मंतर से खदेड़ दिया। पहलवानों का दावा है कि पुलिस पत्रकारों को उन तक नहीं पहुंचने दे रही। उधर, किसान नेता राकेश टिकैत ने वीडियो जारी कर कहा कि महिला महापंचायत में जाने से रोकने के



लिए पुलिस ने उनके कार्यकर्ताओं के पीछे फोर्स लगा दी है। उन्होंने अल्टीमेटम दिया कि अगर रात 10 बजे तक पुलिस फोर्स नहीं हटाई गई तो वह 11 बजे दोबारा लाइव होकर कार्यकर्ताओं से ट्रैक्टर लेकर दिल्ली निकलने को कहने को मजबूर हो जाएंगे। हिसार के किसान नेता रणवीर मलिक ने बताया कि 9 बजे पहलवानों ने प्रेस वार्ता बुलाई है। सभी साथियों को उस पर नजर बनाए रखना है। अगर इसमें कोई फैसला हुआ तो उसके बाद की रविवार को होने वाली महिला महापंचायत को लेकर दिल्ली जाने की रणनीति बनाई जाएगी। जंतर-मंतर पर महीनेभर से बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना दे रहे पहलवानों के पक्ष में रविवार को दिल्ली में नई संसद भवन के सामने महिला महापंचायत होनी है। इसके लिए पंजाब-हरियाणा से बड़ी संख्या में किसानों के जत्थे दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे हैं। शनिवार को मामले की स्टेटस रिपोर्ट लेकर दिल्ली पुलिस राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची। यहां दिल्ली पुलिस ने बताया कि पीड़ितों के धारा 164 के तहत बयान दर्ज किए गए हैं। अब मामले की सुनवाई 27 जून को होगी। इससे पहले योग गुरु बाबा रामदेव का गुस्सा बृजभूषण पर फूटा। राजस्थान के भीलवाड़ा में बाबा रामदेव ने बिना नाम लिए कहा कि कुश्ती संघ का मुखिया रोज बहन-बेटियों के बारे में बकवास करता है। उसे तुरंत अरेस्ट करना चाहिए। वहीं दंगल गर्ल व भाजपा नेता बबीता फोगाट ने पहलवानों के धरने को लेकर सवाल उठाए हैं। बबीता फोगाट ने ट्वीट कर हरियाणा के किसान नेता गुरनाम चढूनी को आंदोलनजीवी करार देते हुए अगुआई पर सवाल खड़े किए हैं। यूपी के आगरा में भी भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता को नजरबंद कर लिया गया है। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि कल दिल्ली जाने से पहले ही उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस उनके कार्यकर्ताओं के घर पहुंच रही है। कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है। टिकैत ने चेतावनी दी है कि अगर रात तक पुलिस नहीं हटाई गई तो वह 11 बजे फेसबुक पर लाइव आएंगे। अगर पुलिस नहीं हटी तो किसान ट्रैक्टर से अपने घरों से निकलेंगे और फिर जल्द ही वापस नहीं लौटेंगे। मेरठ में भाकियू के उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री राजकुमार करनावल के घर भी भारी पुलिस फोर्स पहुंची। तब वह जनसंपर्क में लगे हुए थे। घर पहुंचने पर उन्हें नजरबंद कर लिया गया। पहलवान 23 अप्रैल से बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की अगुआई में जंतर-मंतर पर धरना दे रहे हैं।

# बरसात की चंद बूंदों ने नगर पालिका व्यवस्था की खोली पोल

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । बेमौसम बारिश में कुछ मिनटों में ही । शहर के ज्यादातर नाले और नालियां चोक होने के कारण जगह जगह पानी भर गया, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हुआ वहीं शहर में








शहर की गलियां और सड़कों पर पानी भर गया खतरनाक बीमारी का अंदेशा बढ़ गया है । भिण्ड

नगर पालिका के अधिकारीगढ़ और नेता सिर्फ कोरी वाहवाही करने एवं कराने में व्यस्त रहते हैं। शहर में जगह जगह कचड़ा एवं गंदा पानी भरा रहता है जिस कारण बीमारियों को बढ़ावा मिलता रहता है। कुछ मिनटों की हुई बेमौसम बरसात के तुरंत बाद ही हमारे पुष्पांजली टुडे समाचार पत्र के संवाददाता ने जब शहर के वास्तविक हालातों को जानने के लिए शहर की सड़कों और मोहल्लों में जाकर देखा तो नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के हालात बद से बद्तर देखने को मिले ।नगर पालिका के ढुलमुल रवैया से शहर की जनता बहुत ही रुष्ट है और अगर नगर पालिका ने क्षेत्र की व्यवस्था को नहीं सुधारा तो आमजनता नगर पालिका के खिलाफ आंदोलन धरना प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम भी कर सकती।जब हमारे संवाददाता ने नगर पालिका उपाध्यक्ष भानू सिंह भदौरिया से शहर की चरमराई व्यवस्था को लेकर सवाल किया तो नपा उपाध्यक्ष भानू सिंह भदौरिया ने शहर की व्यवस्था को जल्द ही दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है।

# खेल और ध्यान से होता है शारीरिक और मानसिक विकास

## शिक्षक और छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है योग शिक्षा: चाकणकर

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल हमारे शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास में भी मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। यह बात हैदराबाद से आए हार्टफुलनेस प्रशिक्षक बाला सुंदरम ने शासकीय उमावि गजराराजा में समर कैंप में बच्चों से बातचीत के दौरान कही। श्री बाला सुंदरम ने कहा कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल और ध्यान महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते, लेकिन खेल से यह संभव है। जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने कहा कि शिक्षा में ज्ञान प्राप्ति हेतु चित्त की एकाग्रता पर बल दिया जाता है । और चित्त की एकाग्रता हेतु योग आवश्यक है। शिक्षक व छात्रों के लिए योग शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। योगाभ्यास से सभी शारीरिक अंगों का संचालन रक्त संचालन व निरोग स्थिति प्राप्त होती है। श्री चाकणकर पीजीवी महाविद्यालय के खेल परिसर में मध्यभारत शिक्षा समिति द्वारा शिक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कहा कि कॉमन योगा प्रोटोकाल सभी उम्र के व्यक्ति आसानी से कर सकते हैं। योग मन की शांति, ध्यान की एकाग्रता, पेट, हाथ, पैर, फेफड़े, हृदय, संपूर्ण शरीर हेतु उपयोगी है। इस अवसर पर प्रो राजेंद्र बांदिल, योग शिक्षक श्याम देवघर, योग क्लब प्रभारी सागर सिंह परमार, खेल प्रशिक्षक चंद्रशेखर टेकाम,महेश माहोर आदि उपस्थित थे।



# अहमदाबाद में बारिश के कारण नहीं हुआ फाइनल, अब रिजर्व डे पर होगा आईपीएल 2023 के चैंपियन का फैसला

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 16वें सीजन का फाइनल चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच रविवार (28 मई) को बारिश के कारण नहीं हो सका। अब चैंपियन का फैसला सोमवार (आज) को रिजर्व डे पर होगा। रविवार को लगातार बारिश के कारण टॉस भी नहीं हो सका। बारिश ने स्टेडियम को तालाब में तब्दील कर दिया। अंपायरों ने दोनों टीमों के कोच और कप्तान से बात कर आज मैच नहीं कराने का फैसला किया। अहमदाबाद में लगातार बारिश के कारण आज मैच नहीं हो सका। देर रात 11 बजे बारिश रुकी, लेकिन मैदान को खेलने के योग्य बनाने में




कम से कम एक घंटे लगते। उसके बाद अगर मैच होता तो सिर्फ पांच-पांच ओवर ही दोनों को मिलता। अंपायरों ने दोनों टीमों के कोच और कप्तान से बात कर आज मैच को टाल दिया। अब यह रिजर्व डे पर सोमवार को 7-30 बजे से ही खेला जाएगा। आईपीएल ने ट्विटर पर मैच को लेकर अपडेट दिया। उसने लिखा- आईपीएल के फाइनल को 29 मई शाम 7-30 बजे तक के लिए टाल दिया गया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रिजर्व डे पर मैच खेला जाएगा। आज के फिजिकल टिकट कल मान्य होंगे। हम आपसे टिकट को सुरक्षित रखने का अनुरोध करते हैं।

# सीएसके के धुरंधर बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने किया संन्यास का ऐलान

## आज खेल रहे आखिरी मैच

**चेन्नई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने आईपीएल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। अंबाती रायुडू आज अपना आखिरी मैच खेल रहे हैं। रायुडू ने ट्वीट करते हुए अपने दोनों टीमों चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस को धन्यवाद कहा। रायुडू ने यह भी कहा कि इस बार वह अपने फैसले को नहीं बदलेंगे। अंबाती रायुडू ने ट्वीट में लिखा, दो बड़ी टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स, 204 मैच, 14 सीजन, 11 प्लेऑफ, आठ



फाइनल, पांच ट्रॉफी। उम्मीद है कि आज रात छठी ट्रॉफी मिलेगी। यह एक शानदार सफर रहा है। मैंने यह फैसला किया है कि आज वाला फाइनल मैच आईपीएल में मेरा आखिरी मैच होगा। मैंने इस टूर्नामेंट में खेलने का आनंद हमेशा उठाया। आप सभी का शुक्रिया। चेन्नई सुपरकिंग्स के अंबाती रायुडू को पांच बार आईपीएल ट्रॉफी उठाने का मौका मिला है। वह 2013, 2015 और 2017 में खिताब जीतने वाली मुंबई इंडियंस की टीम के सदस्य थे। इसके अलावा जब चेन्नई सुपरकिंग्स 2018 और 2021 में विजेता बनी थी तो वह धोनी के साथ थे।

# जायसवाल डब्ल्यूटीसी फाइनल स्क्वाड में शामिल

**मुंबई।** यशस्वी जायसवाल को सात जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये रुतुराज गायकवाड़ की जगह अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में भारतीय टीम में शामिल किया गया है। गायकवाड़ तीन जून को शादी कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को सूचित किया था कि वह पांच जून से पहले लंदन के लिये रवाना नहीं हो सकेंगे। जायसवाल के पास इंग्लैंड का वीज़ा होने के कारण वह जल्द ही भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। जायसवाल हाल के दिनों में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने आईपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स के लिये 14 पारियों में पांच अर्धशतक और एक शतक के साथ 625 रन बनाये। उन्होंने अभी तक किसी भी प्रारूप में भारत के लिए पदार्पण नहीं किया है, लेकिन प्रथम श्रेणी में वह मात्र 15 मैचों में नौ शतक और दो अर्द्धशतक के साथ 80.21 की औसत से 1845 रन बना चुके हैं। उन्होंने हाल ही में समाप्त हुई रणजी ट्रॉफी 2022-23 के पांच मैचों में 45.00 की औसत से 315 रन बनाये, जिसमें एक अर्धशतक और एक शतक शामिल रहा। जायसवाल ने मध्य प्रदेश के खिलाफ शेष भारत के लिये खेलते हुए ईरानी ट्रॉफी में



213 और 144 रन के स्कोर के साथ घरेलू सीजन का समापन किया। उन्होंने इसी के साथ एक ईरानी कप मैच में सर्वाधिक रन (357) बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये रवाना हो चुके हैं। विराट कोहली लंदन पहुंचने वाले पहले कुछ बैचों में से एक का हिस्सा थे। फाइनल सात से 11 जून के बीच लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जाएगा। भारत 2021 में भी डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचा था, जहां उसे न्यूजीलैंड से हार मिली थी।

# महेंद्र मुणोत को किया सम्मानित

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू> श्री गोविंदराजा स्वामी कृपा पोषित नाटक मंडली द्वारा गोविंदराजनगर स्थित कबड्डी मैदान में आयोजित पौराणिक नाटक कुरुक्षेत्र के मंचन कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत। मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा पौराणिक नाटक केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं यह हमारे गौरवमय इतिहास से परिचय कराता है एवं व्यक्तित्व विकास का माध्यम है । आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया ।



# नीरज, श्रीशंकर ने पहलवानों की दुर्गति पर जताया दुख

**नयी दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पद विजेता मुरली श्रीशंकर ने प्रदर्शनकारी पहलवानों को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिये जाने पर निराशा व्यक्त की है। भाला फेंक एथलीट नीरज ने रविवार को ट्विटर पर पहलवानों के हिरासत में लिये जाने के एक वीडियो पर टिप्पणी की, यह देखकर मुझे बहुत दुख हो रहा है। इससे निपटने का एक बेहतर तरीका होना चाहिये। वीडियो में देखा जा सकता है कि पुलिस बल का प्रयोग करते हुए पहलवानों को हिरासत में ले रही है। इसी बीच, लंबी कूद एथलीट श्रीशंकर ने पहलवानों के साथ दिल्ली पुलिस के बर्ताव को %बर्बर' करार दिया। श्रीशंकर ने ट्वीट किया, बेहद बर्बर! हमारे चैंपियन






इसके हकदार नहीं थे। ओलंपिक में विजय का सपना देखने वाले एक एथलीट के तौर पर, यह तस्वीर (मेरे मस्तिष्क पर) बहुत गहरे घाव छोड़ेगी। पहलवानों ने नये संसद भवन तक पदयात्रा करने और %महिला महापंचायत' आयोजित करने की योजना बनायी थी। यह महापंचायत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भवन के उद्घाटन के साथ होनी थी। पहलवानों को शुरू में जंतर-मंतर में प्रदर्शन स्थल से निकलने की अनुमति दी गयी लेकिन जैसे वे सुरक्षा बैरिकेड्स से आगे नहीं जा सके। पहलवान जंतर-मंतर रोड से आगे नहीं जा सके और बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक तथा विनेश फोगाट सहित दूसरे प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया। साक्षी के अकाउंट से उनकी टीम द्वारा किये गये एक ट्वीट के अनुसार, पुलिस ने प्रदर्शन स्थल से पहलवानों के तंबू भी हटाना शुरू कर दिये थे।

# महाकाल को भी नहीं बक्शा शिवराज सरकार ने : डॉ. गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर । विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा है कि म.प्र. में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हो चुकी है यह इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने बारह ज्योर्तिलिंगों में एक महाकाल कॉरिडोर को भी नहीं छोड़ा। एक ही आंधी में महाकाल कॉरिडोर के निर्माण की पोल खुल गई। यदि तूफान आ जाता तो क्या स्थिति होती। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महाकाल लोक के निर्माण में करोड़ों रूपये खर्च किये गये और जिस महाकाल लोक का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया उसी महाकाल लोक की मूर्तियां एक आंधी भी सहन नहीं कर सकी। डॉ. सिंह ने कहा कि महाकाल लोक निर्माण के समय ही इस बात का विरोध किया गया था कि मूर्तियां अष्टधातु की लगाई जायें, लेकिन सभी धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुये फायबर की मूर्तियां लगाई गई और उसका हश्र यह हुआ कि तेज हवा के झोंखों ने मूर्तियों को गिरा दिया।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि कई चरणों में प्रारंभ हुये महाकाल लोक कॉरिडोर के निर्माण में हुई अनियमितताओं की शिकायत तराना के विधायक श्री महेश परमार ने लोकायुक्त को की थी लेकिन वहां पर भी कोई कार्यवाही न कर लोकायुक्त डी.जी.पी. को ही हटा दिया गया। वर्ष 2022 के दिसम्बर में आहूत विधानसभा के सत्र में स्थगन के माध्यम से आरोप लगाया गया था कि 351 करोड़ के निर्माण लोक निर्माण विभाग व नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा कराये गये थे। जिसमें बिना किसी जांच के ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया। निर्माण कार्य में एस.ओ.आर. का पालन नहीं किया गया।



ज्यादातर काम गुजरात की फर्मो एम.पी. बावरिया एवं डी.एच. पटेल की फर्म को दिये गये। साथ ही ज्वाइंट वेंचर पर भी कार्य कराये गये। 22 दिसम्बर, 2022 को विधानसभा प्रश्न क्र. (1090) नगरीय प्रशासन विभाग ने अपने जवाब में कहा कि 161 करोड़ 83 लाख का व्यय किया गया। बाद में यह राशि और बड़ती गई। इस पूरे प्रकरण में खास बात यह है कि एग्रीमेंट तक गुजराती भाषा में किये गये है। जबकि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार मध्यप्रदेश में सारे कार्य हिन्दी में होगें उसके बाबजूद हिन्दी भाषा का मध्यप्रदेश में अपमान किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि विचारणीय प्रश्न यह है कि महाकाल कॉरिडोर के निर्माण में गुजरात की फर्मो का ही वर्चस्व कैसे रहा ड़ गुजरात की फर्में ही प्रदेश भर में ज्यादातर कार्य कर रही है। जिसमें जलजीवन मिशन, सीवेज लाईन लोक निर्माण विभाग, नर्मदा घाटी विकास आदि विभागों में और उनसे बोलने तक की हिम्मत कोई नहीं कर पाता फिर जांच करने की हिमाकत कौन करता । डॉ. सिंह ने कहा कि गुजरात के ठेकेदारों से ही जब सरकार डर रही है तो गुजरात के अन्य नेताओं के सामने बोलने की हिम्मत किसकी है। डॉ. सिंह ने कहा कि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जावे। साथ ही प्रदेश के अन्य विभागों में गुजरात की फर्मो द्वारा किये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता की जांच कराई जावें एवं तब तक उनके भुगतान रोक दिये जावें। डॉ. सिंह ने कहा कि सिंहस्थ से लेकर महाकाल तक हुये भ्रष्टाचार में प्रदेश की भाजपा सरकार आकंठ डूबी हुई है। इन सब मामलों की जांच कराई जावे ताकि जनता को पता चल सके कि धार्मिक मामलों में भी किस तरह का भ्रष्टाचार किया गया है।

# रणदीप हुड्डा की स्वतंत्र वीर सावरकर का दमदार टीजर जारी, जंजीरों में जकड़े दिखे अभिनेता

रणदीप हुड्डा ने पिछले साल फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर की घोषणा की थी। पिछले साल सावरकर जयंती पर हुड्डा का लुक सामने आया था। आज हुड्डा ने फिल्म का टीजर जारी किया है। टीजर में सावरकर की भूमिका में हुड्डा का अभिनय और दमदार डायलॉग रोमांच पैदा करने वाले हैं। साथ ही टीजर देखकर यह भी लगता है कि सावरकर को लेकर फिर से नई राजनीतिक बहस छिडने वाली है। टीजर की शुरुआत आजादी की लड़ाई के क्रांतिकारी दृश्यों के साथ होती है। वीडियो के वॉयसओवर में हुड्डा कहते हैं, आजादी की लड़ाई 90 साल चली, लेकिन यह लड़ाई कुछ ही लोगों ने लड़ी। बाकी लोग तो सत्ता के भूखे थे। अगर गांधी अपनी अहिंसावादी सोच पर अड़े नहीं रहते तो देश




35 साल पहले ही आजाद हो जाता। सावरकर की भूमिका में हुड्डा अंग्रेजों की कैद में जंजीरों से जकड़े भी नजर आ रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान भी हुड्डा संभाल रहे हैं। निर्देशक महेश मांजरेकर के फिल्म से बाहर हो जाने के बाद हुड्डा ने यह जिम्मेदारी ली थी। वह पहली बार निर्देशक के तौर पर काम करने जा रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं हुई है। फिल्म का निर्माण आनंद पंडित और संदीप सिंह कर रहे हैं। बता दें कि पिछले साल सावरकर जयंती पर हुड्डा ने फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया था। इस फिल्म में अंकिता लोखंडे को फीमेल लीड के लिए चुना गया है। फिल्म से उनका लुक भी सामने आ चुका है। फिल्म के बारे में अंकिता ने मीडिया से बातचीत में कहा था, मुझे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना अच्छा लगता है। ऐसे किरदार जो न सिर्फ कहानी को आगे बढ़ाएं बल्कि दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ सकें। स्वतंत्र वीर सावरकर ऐसी ही एक प्रेरक कहानी है जिसे बताना जरूरी है। मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं।




सिर्फ एक बंदा काफी है का जलवा

# 200 मिलियन से ज्यादा व्यूइंग मिनट का बनाया रिकॉर्ड

मनोज बाजपेयी की फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। जी5 पर रिलीज हुए इस कोर्ट रूम ड्रामा को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म में आसाराम बापू को सलाखों के पीछे पहुंचाने वाले वकील पूनम चंद सोलंकी की कहानी दिखाई गई है, जिसके किरदार में बाजपेयी नजर आए हैं। फिल्म को लोगों का प्यार मिल रहा है और इसी के चलते इसने 200 मिलियन से ज्यादा व्यूइंग मिनट का रिकॉर्ड बनाया है। 23 मई को जी5 पर दस्तक दे चुकी फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को 5 दिन में ही रिकॉर्ड तोड़ व्यूज मिल गए हैं। फिल्म को रिलीज से पहले जहां आसाराम के समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा तो दर्शकों को यह काफी पसंद आ रही है। जी5 की ओर से ट्विटर पर पोस्ट साझा कर लिखा है, हमारा बंदा रुकने वाला नहीं है। इसे 200 मिलियन से भी ज्यादा व्यूइंग मिनट मिले हैं। सिर्फ एक बंदा काफी है की कहानी वकील सोलंकी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो नाबालिग रेप पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए अपनी पूरी जान लगा देते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे देश के सबसे प्रतिष्ठित वकीलों को मात देकर सोलंकी आसाराम को उम्रकैद की सजा दिलवाते हैं और इस दौरान उन्हें किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अपूर्व कार्की के निर्देशन में बनी फिल्म में बाजपेयी के अभिनय की भी जमकर तारीफ हो रही है। आसाराम ने निर्माताओं पर आरोप लगाया है कि इस फिल्म से उनकी छवि खराब होगी। ऐसे में आसाराम की ओर से निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा गया था। अब राजस्थान हाई कोर्ट ने आसाराम की फिल्म पर रोक लगाने की मांग से इनकार कर दिया है। बता दें कि इस मामले पर सुनवाई 23 मई को ही हो गई थी, लेकिन कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था और 26 मई को न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने फैसला सुनाया था। फिल्म रिलीज होने के बाद सोलंकी ने भी निर्माताओं को नोटिस भेजा है। उन्होंने निर्माताओं पर बौद्धिक संपदा के अधिकार (इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट) के हनन का आरोप लगाया है। सोलंकी का कहना है कि उन्हें भ्रम में रखा गया और बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए इसे सच्ची घटना पर आधारित फिल्म कैसे कहा जा रहा है। सोलंकी ने बताया कि उन्होंने जिसके साथ एग्रीमेंट साइन किया था, उसने बिना जानकारी के राइट्स किसी और को बेच दिए। बाजपेयी फैमिली मैन 3 और अभिषेक चौबे की सीरीज सूप में नजर आएंगे। वह जी स्टूडियो द्वारा निर्मित जोरम, डिस्पैच और राम रेड्डी की एक फिल्म का हिस्सा हैं। इसके अलावा बाजपेयी नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ भी एक फिल्म में दिखाई देंगे।

# निखिल सिद्धार्थ और अनुपम खेर की पैन-इंडिया फिल्म द इंडिया हाउस का हुआ ऐलान

पिछले साल आई मिस्ट्री एक्शन-थ्रिलर कार्तिकेय 2 की बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद एक बार फिर निखिल सिद्धार्थ और अनुपम खेर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। दोनों सितारे पैन-इंडिया फिल्म द इंडिया हाउस में मुख्य भूमिका निभाएंगे, जिसको लेकर प्रशंसक काफी उत्सुक हैं। राम चरण ने आज टीजर जारी कर फिल्म का ऐलान किया है। दरअसल, चरण राम वामसी कृष्णा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के निर्माता हैं। चरण ने ट्विटर पर फिल्म का ऐलान करते हुए लिखा, महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर गारू की 140वीं जयंती के अवसर पर हमें अपनी पैन-इंडिया फिल्म द इंडिया हाउस की घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है। इस फिल्म में सिद्धार्थ और खेर मुख्य भूमिका में हैं और कृष्णा बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत कर रहे हैं। टीजर में दिखाया गया है कि सिद्धार्थ फिल्म में शिव और खेर स्वतंत्रता सेनानी श्यामजी कृष्ण वर्मा की भूमिका निभाएंगे। द इंडिया हाउस लंदन में आजादी से पहले (1905) की कहानी है, जिसमें उस दौर की घटनाओं को दिखाया जाएगा। टीजर इंडिया हाउस के आसपास बड़े पैमाने पर राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान एक प्रेम कहानी का संकेत दे रहा है। इसमें इंडिया हाउस में भीषण आग लगी हुई दिखाई गई है, जिसके सामने सिद्धार्थ एक बैग लेकर खड़े हुए हैं। टीजर को देखने के बाद से ही प्रशंसक फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साहित हो गए हैं। द इंडिया हाउस का निर्माण नए बैनर वी मेगा पिक्चर्स के तहत चरण, विक्रम रेड्डी और अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने द कश्मीर फाइल्स और कार्तिकेय 2 को बनाया था। चरण का कहना है कि वह इस कंपनी के जरिए युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, वी मेगा पिक्चर्स में हम एक समावेशी और सहयोगी वातावरण को बढ़ावा




देने के लिए समर्पित हैं, जो नए दृष्टिकोण का स्वागत करता है। चरण इन दिनों अपनी फिल्म गेम चेंजर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसमें वह कियारा आडवाणी के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा वह आचार्य और आरसी16 का भी हिस्सा हैं। खेर जल्द कंगना रनौत के निर्देशन में बनी इमरजेंसी, विवेक अग्निहोत्री की द वैक्सीन वॉर और अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों में दिखाई देने वाले हैं। सिद्धार्थ की बात करें तो वह एक स्पाई थ्रिलर में नजर आने वाले हैं, जिसका नाम स्पाई रखा गया है।

# छोटे टॉप में सिमरन कौर ने दिए ऐसे खतरनाक पोज




सोशल मीडिया पर अपने फैंस के दिलों के बेताब किए रहने वाली इंफ्लुएंसर सिमरन कौर एक मॉडल, एक्टर हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचाए रहती हैं। वहीं, उनकी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। बार्बी प्रिंटेड क्रॉप टॉप और शॉर्ट स्कर्ट में एक्ट्रेस सिमरन कौर गजब की बला लग रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल और मिनिमल मेकअप के साथ सिमरन कौर कहर ढा रही हैं। सिमरन कौर इंटरनेट पर अपनी तस्वीरों से फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। सिमरन चाहे वेस्टर्न ड्रेस में हो या इंडियन ड्रेस में अपने हॉट अंदाज से फैंस को घायल करने से पीछे नहीं है। सिमरन कौर की मदमस्त अदाएं देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर रहते हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरते रहते हैं। सोशल मीडिया पर उनके लाखों में फॉलोवर्स हैं। उन्हें इंस्टाग्राम पर 2.2 मिलियन फॉलोवर्स हैं। सिमरन कौर अपने अतरंगी रूपों के कारण अक्सर सुर्खियों का विषय बनी रहती हैं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। फैंस एक्ट्रेस की तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं।







# अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 अब ओटीटी की जगह सिनेमाघरों में देगी दस्तक

अक्षय कुमार की 2012 में आई फिल्म ओह माय गॉड को लोगों ने काफी पसंद किया था और यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब फिल्म की सफलता के 11 साल बाद अक्षय एक बार फिर अपनी सोशल कॉमेडी ओह माय गॉड 2 के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ रहे हैं। हाल ही में फिल्म की रिलीज को लेकर आए अपडेट में कहा गया है कि फिल्म ओटीटी नहीं, बल्कि सिनेमाघरों में दस्तक देगी। ओह माय गॉड 2 में अक्षय भगवान शिव के किरदार में नजर आएंगे। इसमें पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी मुख्य भूमिका में हैं और यह भारत में यौन शिक्षा की पृष्ठभूमि के खिलाफ है। फिल्म का निर्देशन अमित राय ने किया है तो अश्विन वर्दे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियो इसके निर्माता हैं। अक्षय की पिछली फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन देख इस फिल्म के जियो सिनेमा पर रिलीज होने की बात सामने आ रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि अक्षय ने अपने सहयोगियों, अश्विन वर्डे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियोज के साथ ओह माय गॉड 2 को सिनेमाघरों में रिलीज करने का फैसला किया है। फिल्म को लेकर काफी विचार हुआ, लेकिन निर्माताओं ने इसे ओटीटी पर रिलीज करने को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की और इसे सिनेमाघर में ही रिलीज करने का फैसला बरकरार रखा। फिल्म की एडिटिंग के बाद रिलीज डेट का ऐलान हो जाएगा। ओह माय गॉड एक कोर्ट रूम ड्रामा थी, जिसमें अक्षय और परेश रावल मुख्य भूमिका में थे। यह एक नास्तिक कांजी (परेश) की कहानी थी, जिसकी दुकान एक भूकंप में नष्ट हो गई। जब बीमा कंपनी ने भगवान की मर्जी का हवाला देकर उसे भुगतान देने से इनकार कर दिया तो कांजी ने भगवान के खिलाफ मामला दायर कर दिया। फिल्म में अक्षय भगवान कृष्ण की भूमिका नजर आए थे और कांजी के संघर्ष का हिस्सा बने थे। पिछले दिनों अक्षय ने ओह माय गॉड को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक बताते हुए कहा था कि निर्माता इस साल सामाजिक कॉमेडी का दूसरा भाग लाने की तैयारी में हैं। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अक्षय ने फिल्म की कहानी के बारे में कहा था, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। हम स्कूल में बहुत से विषय सीखते हैं और यौन शिक्षा एक ऐसा विषय है जो दुनिया के सभी स्कूलों में होना चाहिए। अक्षय अब स्काई फोर्स में सारा अली खान और निमरत कौर के साथ नजर आएंगे। दिनेश विजान की स्काई फोर्स में अक्षय पायलट की भूमिका में दिखाई देंगे। वह द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू और टाइगर श्रॉफ के साथ बड़े मियां छोटे मियां का हिस्सा हैं।

# रणबीर कपूर नहीं होंगे किशोर कुमार की बायोपिक का हिस्सा, रणवीर सिंह के हाथ लगी फिल्म?

किशोर कुमार की बायोपिक को लेकर काफी समय से खबरें सामने आ रही थीं। कुछ समय पहले रणबीर कपूर ने भी साफ कर दिया था वह पिछले 11 साल से इस बायोपिक पर काम कर रहे हैं। रणबीर का कहना था कि फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और वह जल्द ही इस बायोपिक में नजर आएंगे। अब अभिनेता के एक बयान के बाद से माना जा रहा है कि उनकी जगह रणवीर सिंह ने ले ली है। हाल ही में रणबीर ने एक बयान में कहा कि वह अपनी फिल्म एनिमल के बाद कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहते हैं। अभिनेता का कहना है कि वह कुछ समय के लिए खुद को वक्त देना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि कोरोना वायरस के बाद इंडस्ट्री कितनी बदल गई है और वह आज कहां पर हैं। अभिनेता के इस बयान के बाद से फिल्म निर्माता नए सितारे को कास्ट करने के बारे में सोच रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, किशोर कुमार की बायोपिक के लिए अब फिल्म निर्माता रणवीर से संपर्क साध रहे हैं, लेकिन अनुराग बसु अभी भी रणबीर के साथ ही फिल्म बनाना चाहते हैं। ऐसे में अब अगस्त तक यह फैसला कर लिया जाएगा कि किस सितारे को फिल्म में कास्ट करना है क्योंकि मेकर्स 2023 के अंत तक फिल्म पर काम शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी फिल्म या सितारों को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रणबीर ने अपनी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार के प्रमोशन के दौरान इस बायोपिक के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, मैं 11 साल से किशोर कुमार की बायोपिक पर काम कर रहा हूं। हम बसु के साथ फिल्म की कहानी लिख रहे हैं और मुझे लगता है कि यह मेरी अगली बायोपिक होगी। मैंने दादा (सौरव गांगुली) के ऊपर बन रही बायोपिक के बारे में भी कुछ नहीं सुना है। ऐसे में मैं ज्यादा कुछ नहीं जानता। रणवीर जल्द ही आलिया भट्ट के साथ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आने वाले हैं, जो 28 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन करण जौहर ने किया है। इसके अलावा वह संजय लीला भंसाली की बैजू बावरा और कियारा आडवाणी के साथ अन्नियन के हिंदी रीमेक का भी हिस्सा हैं। रणबीर की बात करें तो वह अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र के दूसरे और तीसरे भाग में नजर आने वाले हैं। रणबीर की इस साल आई फिल्म तू झूठी मैं मक्कार ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था तो रणवीर की पिछली 3 रिलीज फिल्में असफल रही हैं। पिछले साल उनकी जयेशभाई जोरदार और सर्कस रिलीज हुई थी, तो 2021 में 83 आई थी।

# द केरल स्टोरी के आगे नहीं टिकी जोगीरा सारा रा रा, आईबी71 का हाल-बेहाल

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों द केरल स्टोरी का जलवा देखने को मिल रहा है। फिल्म की रिलीज को 3 हफ्ते हो चुके हैं और यह अभी भी बाकी फिल्मों को कड़ी टक्कर दे रहे है। अब 26 मई को रिलीज हुई जोगीरा सारा रा रा को काफी तारीफ मिली है, लेकिन यह पहले दिन कमाई के मामले में कुछ खास कमाल नहीं कर पाई है। ऐसा ही हाल आईबी71 का है।कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर जोगीरा सारा रा रा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ नेहा शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आई हैं। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। कुशान नदी के निर्देशन में बनी फिल्म एडवांस बुकिंग में दम तोड़ती नजर आई थी और अब ओपनिंग डे पर भी इसने धीमी शुरुआत की है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने




पहले दिन 40 लाख रुपये की कमाई की है। जोगीरा सारा रा रा लखनऊ के जोगी (नवाज) की कहानी है, जो एक इवेंट कंपनी का मालिक है। जोगी अपने जुगाड़ के लिए मशहूर है और ऐसे में उसकी मुलाकात डिंपल (नेहा) से होती है, जो उसे अपनी शादी तुड़वाने का जिम्मा देती है। डिंपल की शादी तोडने में लगे जोगी के इर्द-गिर्द घूमती यह कहानी दर्शकों को कॉमेडी का बेहतरीन डोज देती है। इसमें संजय मिश्रा, मिमोह चक्रवर्ती, रोहित चौधरी और दिवंगत अभिनेत्री फारुख जफर भी नजर आई हैं। अदा शर्मा अभिनीत द केरल स्टोरी ने 5 मई को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। केरल की 3 लड़कियों के धर्म परिवर्तन की कहानी दिखाती इस फिल्म को पहले जहां विरोध का सामना करना पड़ा था तो रिलीज के बाद इसे काफी पसंद किया। रिपोर्ट के अनुसार, 22वें दिन फिल्म ने 2.60 करोड़ रुपये कमाए और इसका कलेक्शन 216.07 करोड़ हो गया। इन दिनों फिल्म के कलेक्शन में थोड़ी कमी आ रही है, लेकिन फिर भी कमाई करोड़ों में है। विद्युत जामवाल की फिल्म आईबी71 दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने में असफल साबित हुई है। 12 मई को रिलीज हुई आईबी71 विद्युत की प्रोडक्शन कंपनी एक्शन हीरो फिल्म्स की पहली फिल्म है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने अपनी रिलीज के 15वें दिन 25 लाख रुपये कमाए हैं। ऐसे में 28 करोड़ रुपये के बजट में बनी यह फिल्म अपनी लागत निकालने में भी सफल नहीं हो पाई है और इसका अभी तक 16.70 करोड़ रुपये का कलेक्शन ही हुआ है।



# शिवहरे-कल्चुरी समाज ने चुनौतियों को अवसर में बदला हैः सिंधिया

ग्वालियर। जब-जब देश में चुनौतियां आई हैं तब - तब शिवहरे-कल्चुरी समाज ने भी पूरे देश के साथ मिलकर चुनौतियों को अवसर में बदलने का कार्य किया हैं। भारत के इतिहास में कल्चुरी समाज का महत्वपूर्ण स्थान है। कल्चुरी समाज के लोग केवल अपने समाज के लिए ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास एवं दानशीलता के लिए पहचाने जाते हैं। इस आशय के विचार केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कल्चुरी कलार समाज के मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कल्चुरी-कलार समाज ने हमेशा मुझे व मेरे परिवार को मजबूती प्रदान की है और मैं हमेशा आपके साथ खडा हूं।
श्रीराधा कृष्ण गार्डन, बहोडापुर में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, पार्षद श्रीमती रेखा राय, श्रीमती अंजना हरिबाबू शिवहरे, कल्चुरी समाज के अध्यक्ष सुरेश शिवहरे, चंदन राय, रघुवीर राय, देवेन्द्र पवैया, लक्ष्मीनारायण शिवहरे, नितिन शिवहरे एवं वेदप्रकाश शिवहरे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर विकास के पथ पर निरंतर प्रगति कर रहा है तथा हमें आप सभी के सहयोग से ग्वालियर को वैभव के शिखर पर पंहुचाना है। उन्होंने कहा ग्वालियर में अत्याधुनिक एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, अस्पताल एवं ऐलीवेटेड रोड का निर्माण हो रहा है। साथ ही शहर के पानी की समस्या के स्थायी निराकरण के लिए चम्बल से पानी लाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा कि कल्चुरी समाज ने हमेशा देश व प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य किया है और हमेशा कार्य करते रहेगें। समाज के सहयोग के लिए हमें हमेशा वरिष्ठ नेताओं का सहयोग मिला है। पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने कहा कि कल्चुरी समाज को हमेशा सिंधिया परिवार का सहयोग एवं मार्गदर्शन व आर्शीवाद मिला है। आज ग्वालियर विकास की गति पर निरंतर आगे बढ रहा है तो उसमें अम्मा महाराज, कैलाशवासी महाराज माधवराव सिंधिया के आर्शीवाद के साथ ही अब केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्गदर्शन में हम निरंतर विकास कर रहे हैं। ग्वालियर में अनेक बडे प्रोजेक्ट चल रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में समाज के 5 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया।

# देश में बढती हुई महगांई ने जनता की कमर तोड़ दी हैः डॉ. सिकरवार

ग्वालियर। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के गोला का मंदिर ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 19 में आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा निकाली गई। आज शाम 5 बजे कांग्रेस कमेटी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, पार्षद एवं सैक?ो कांग्रेस कार्यकर्ता जडेरूआ कलां सरकारी स्कूल पिन्टू पार्क पर एकत्रित हुये और वहां से 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा जडेरूआ गांव एवं प्रीतम विहार कॉलोनी की समस्त गलियों में घर-घर पहुंची और जनता से सीधे संपर्क किया।



यात्रा के दौरान विधायक डॉ. सिकरवार ने जनता से चर्चा करते हुये कहा कि आज पूरे देश में बढती हुई महगांई ने जनता की कमर तोड कर रख दी है और भाजपा सरकार के नेता मौज कर रहे है। भाजपा सरकार ने देश को कर्ज के बोझ में दबा दिया है और जो कोई भी इनके खिलाफ आवाज उठाता है, उसे झूठे केस में फंसा कर जेल में डलवा दिया जाता है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि देश के विकास की नीवं भी कांग्रेस पार्टी ने ही रखी थी, देश के युवाओं ने भाजपा पर जो भरोसा किया वह टूट चुका है, कांग्रेस पार्टी ही युवाओं को रोजगार दे सकती है। 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा में वरिष्?ठ नेता बलवीर सिंह तोमर, चर्तुभुज धनोलिया, रामबाबू श्रीवास, गौरव तिवारी, हितेन्द्र यादव, गौरव भदौरिया, राजा भदौरिया, कल्लू तोमर, राजेश तोमर, छोटू तोमर, दौलत खान, ओमी यादव, श्रीमती संजना राजावत, नीतू चौहान आदि मौजूद रहे।
**विशेष सफाई अभियान**-विशेष सफाई अभियान के तहत आज ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 20 में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। कचरे ठिए साफ कराए, स?कों के आस-पास जमी सिल्ट को उठवाया, नालियां साफ कराई गई। स?कों के आस-पास जमी मिट्टी को थ्रीडी मशीन से साफ कराया गया। कई ट्रॉली मलवा सफाई अभियान के दौरान फिकवाया गया। स?क मार्ग को समतल कराया। उब?-खाब? मार्ग का दुरस्तीकरण कराया गया तथा पत्थर पडे हुए थे, उन्हे उठावाया गया।

# बिग ब्रेकिंगः कांग्रेस अपनी विधायिकी सूची जुलाई - अगस्त में ही घोषित कर देगी



ग्वालियर/भोपाल। बड़ी ब्रेकिंग खबर यह है कि राज्य में सत्ता वापसी के लिये क?ी मेहनत कर रही कांग्रेस अपने 50 से 70 प्रतिशत उम्मीदवार जुलाई और अगस्त तक घोषित कर देगी, ताकि इन उम्मीदवारों को मतदाताओं के बीच जाने का पूरा टाइम मिल सकें और मतदाता भी अपने क्षेत्र के उम्मीदवार से पूरी तरह अटैच हो सकें। इस सूची में यूथ और महिलाओं की संख्या भी भरपूर होगी और सभी कांग्रेस के सक्रिय व निष्ठावान कार्यकर्ता होंगे। कांग्रेस आलाकमान के विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये मध्यप्रदेश में कांग्रेस इस बार भाजपा के मुकाबले ज्यादा एक्टिव हैं, सोशल मीडिया पर भी लगातार सक्रिय है और कांग्रेस के नेता भी भाजपा सरकार व भाजपा नेताओं पर ज्यादा आक्रामक है। कांग्रेस के प्रवक्ता और मीडिया पैनलिस्ट भी अपने समकक्षी भाजपा के प्रवक्ताओं व मीडिया पैनलिस्ट को टीवी चैनलों की चर्चा में उलझकर उनसे तेजतर्रार बयान देने में माहिर हो गये हैं। इसीलिये पूरे राज्य में कांग्रेस की ब?ती एकजुटता और कार्यकर्ताओं की सक्रियता से भाजपा आलाकमान हैरान है और वह अपनी आपसी गुटबाजी से बाहर नहीं निकल पा रहा हैं। पिछले 3-4 विधानसभा निर्वाचनों में आपस में उलझी कांग्रेस की जो स्थिति रही थी, अब वह भाजपा की दिखाई प? रही हैं। भाजपा अभी तक 200 पार, 200 पार के नारे में उलझी पड़ी हैं। जबकि कांग्रेस आलाकमान ज्यादा हवा हवाई बात न कर 150 पार की बात कह कर सरकार बनाने की बात कर रहा हैं। इसी कांग्रेस ने इस बार अपने होमवर्क पर ज्यादा ध्यान दिया है और तय किया है कि वह अपने अधिकांश उम्मीदवारों की सूची के नाम जुलाई - अगस्त तक ओपन कर देंगे, ताकि इन उम्मीदवारों को प्रचार प्रसार व मतदाताओं के बीच अपनी पैठ बनाने में भरपूर समय मिल सकें। इस बार कांग्रेस सूची की यह विशेषता भी होगी कि इसमें यूथ और महिलाओं के नाम भी भरपूर होंगे और कांग्रेस के संघर्षशील लोकप्रिय चेहरे भी होंगे। इस बार कांग्रेस में टिकटों के लिये मारामारी व देरी भी नहीं होगी, ताकि कांग्रेसियों में गुटबाजी न हो। कांग्रेस के सभी टिकट मांगने वाले नेताओं व कार्यकर्ताओं को समझा भी दिया गया है कि सरकार बनने के बाद सभी को समुचित सम्मान भी मिलेगा। कांग्रेस की मीडिया सेल के अध्यक्ष व यूथ प्रवक्ता केके मिश्रा ने इस संवाददाता से चर्चा में स्पष्ट कहा कि हमारी सूचियों के अधिकांश नाम जुलाई अगस्त में ही घोषित कर दिये जायेंगे, ताकि प्रत्याशियों को ज्यादा से ज्यादा समय मिल सकें। मिश्रा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के नेतृत्व में पूरी कांग्रेस एकजुट है और सभी मिलजुल कर राज्य में सत्ता वापसी में लगे हैं, ताकि प्रदेश में आम जनता के हितों की रक्षा करने वाली सरकार बन सकें।

# विशेष जनसंपर्क अभियान में घर घर जाकर भाजपा की जीत सुनिश्चित होगीः सतानंद गौतम

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला प्रभारी सतानंद गौतम के मुख्य आतिथ्य में और जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह लोधी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में जिला पदाधिकारियों, मण्डल अध्क्षों और मोर्चा अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई जिसमे अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री संजय राय, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक श्याम शिवहरे, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल, जिला महामंत्री गोपाल पटेल, सतीश तिवारी मंचासीन रहें। अतिथियों द्वारा मां भारती और पितृ पुरुषों के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके बैठक का शुभारंभ किया। बैठक पश्चात जिला प्रभारी ने कोर कमेटी बैठक में सम्मिलित हुए जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय और हेमंत छाबड़ा सहित कोर कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कि केंद्र की मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशेष जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत हम सभी को सरकार की सभी जनहितैषी योजनाओं के लाभार्थियों के घर घर जाकर और आमजन से भेंट करके पार्टी की विकासवादी विचार धारा से आमजन को जोड़ने का कार्य



करना है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 9 वर्षों में भारत हर मोर्चे पर सफलताएं और विकास अर्जित कर रहा है। पार्टी के नवनियुक्त जिला प्रभारी सतानंद गौतम ने सभी जिला पदाधिकारियों, मण्डल और मोर्चा अध्यक्षों का परिचय प्राप्त कर 30 मई से 30 जून के बीच एक माह तक चलने वाले 'विशेष जनसम्पर्क अभियान' के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि विशेष जन संपर्क अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता घर घर जाकर पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का कार्य करेंगे जिससे जिले की चारों विधान सभा में भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी। इसके पूर्व जिला महामंत्री एवं विशेष जनसंपर्क अभियान के प्रभारी सतीश तिवारी ने एक माह तक चलने वाले अभियान में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा और आवश्यक दिशा निर्देश की जानकारी दी। मंच संचालन रामेश्वर चौधरी ने किया और उपस्थित अतिथियों का आभार गोपाल पटेल ने व्यक्त किया। इस बैठक में उपाध्यक्ष उमादेवी खटीक, रूपेश सेन, चंदभान पटेल, संजय सेन, विनोद राय, दीपक उपाध्याय, अमित बजाज, अनुराग हजारी, जिला मंत्री संजय यादव, वर्षा रैकवार, उत्तम सिंह, बृजेश दुबे, अर्चना जैन, रश्मि साहू, जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला सह मीडिया प्रभारी महेन्द्र जैन सहित मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा जिला अध्यक्ष, विधान सभा विस्तारक और संयोजक की उपस्थिति रही।

## कैडवरी कंपनी के सामने

# 719 हाईवे पर नगरीय आवास मंत्री की गाड़ी का हुआ एक्सीरडेंट, मंत्री सहित 3 लोग घायल

**पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर**

ग्वालियर से भिंड के लिए रवाना हुए प्रदेश के नगरीय विकास और आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया मंगलवार शाम सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं।







राज्यमंत्री भदौरिया की कार ग्वालियर की सीमा को पार कर अभी भिंड के मालनपुर पहुंची ही थी कि नेशनल हाइवे नंबर-719 पर अचानक सामने आए ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज था कि कार के परखच्चे उड़ गए और ट्रैक्टर भी दो टुकड़ों में टूट गया। हादसे में एयरबेग खुलने के बाद भी मंत्री ओपीएस भदौरिया सहित 3 लोग घायल हुए हैं। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री को सिर में चोट लगी है। तत्काल घायलों को ग्वालियर के बिडला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। शाम को 4.50 बजे राज्यमंत्री भदौरिया का मेडिकल बुलेटिन जारी किया गया है जिसमें उनको पूरी तरह सुरक्षित और खतरे से बाहर बताया गया है। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया की गिनती भी कट्टर सिंधिया समर्थकों में होती है। सोमवार को दो दिवसीय प्रवास पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर आए थे। मंगलवार को उनके साथ डबरा और ग्वालियर में विभिन्न कार्यक्रमों में मंत्री ओपीएस भदौरिया भी शामिल होने पहुंचे थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया के घर शादी समारोह में सिंधिया और ओपीएस भदौरिया पहुंचे थे। सवा तीन बजे केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से विदा लेने के बाद राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया अपनी इनोवा कार में सवार होकर क्षेत्रीय दौरा करने भिंड के लिए रवाना हुए थे। उनके साथ में फॉलो वाहन भी था। अभी वह नेशनल हाइवे नंबर-719 पर फर्राटे भरते हुए भिंड के मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र से गुजर रहे थे । इसी समय अचानक आड़े में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आ गई। मंत्री की इनोवा कार काफी रफ्तार में थी और चालक ने काफी संभालने का प्रयास किया, लेकिन कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। हादसे में चालक, आगे की सीट पर बैठे मंत्री का पीओएस (सिक्युरिटी गार्ड) पीछे बैठे राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया व उनका एक समर्थक शिवम घायल हो गए हैं। घटना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची मालनपुर भिंड पुलिस ने घायल मंत्री और उनके चालक व गार्ड को एम्बुलेंस की मदद से ग्वालियर के गोला का मंदिर स्थित बिड़ला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

# लाड़ली बहना योजना अतंर्गत सूची प्रत्येक ग्राम पंचायत में चस्पा कर दी जायेः कलेक्टर मयंक अग्रवाल

## समय-सीमा बैठक सम्पन्न, दिए गये अहम दिशा-निर्देश

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। लाड़ली बहना योजना अतंर्गत सूची प्रत्येक ग्राम पंचायत मे चस्पा कर दी जाये। साथ ही दिये गये निर्देशों के तहत आपत्त्यिों का निराकरण कर लिया जाये। 8 जून को लाड़ली बहना योजना ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा। इस आशय के निर्देश कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने समय-सीमा के दौरान दिये। उन्होंने कहा लाड़ली बहना योजना अंतर्गत एक उत्सव की तरह मनाया जायेगा। दीप प्रज्जवलित किये जायेंगे। सभी सीएमओ, सीईओ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अजय श्रीवास्तव सहित अन्य जिलाधिकारी मौजूद रहे।कलेक्टर अग्रवाल ने सीएमओ और सीईओ से आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, बटवारा सहित अन्य प्रकरणों को जनसेवा अभियान में निराकरण कर उन्हें दर्ज किये जाये। साथ ही उन्होंने सीम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट सहित अन्य प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक उपंरात कलेक्टर ने मिशन लाईफ योजनातंर्गत पर्यावरण बचाव की शपथ दिलाई।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478